CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 294 | राजनांदगांव, शनिवार 13 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीपी राधाकृष्णन को दिलाई 15वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ, समारोह में जगदीप धनखड़ भी दिखे

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में 67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। लाल कुर्ता पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गज शामिल थे। राधाकृष्णन ने मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की थी।

जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था। धनखड़ भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए।

समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा आदि शामिल हुए। पूर्व उपराष्ट्रपतियों हामिद अंसारी और वेंकैया नायडू ने भी समारोह में शिरकत की। उपराष्ट्रपति के रूप में कितना होगा कार्यकाल? भारतीय संविधान के



अनुच्छेद 67 के अनुसार, उपराष्ट्रपति अपने पद ग्रहण करने की तारीख से पूरे 5 साल की अवधि के लिए पद पर बने रहते हैं। यही नियम सीपी राधाकृष्णन पर भी लागू होगा। वे सितंबर 2030 तक उपराष्ट्रपति रहेंगे।

### कौन हैं राधाकृष्णन?

अब तक महाराष्ट्र के राज्यपाल की भूमिका में रहे 67 वर्षीय राधाकृष्णन किशोरावस्था में ही आरएसएस और जनसंघ से जुड़ गए थे। वह 1990 के दशक के अंत में कोयंबटूर से दो बार लोकसभा चुनाव जीते और उनके समर्थक उन्हें 'तमिलनाडु का मोदी' कहते हैं। राधाकृष्णन ने 1998 और 1999 में कोयंबटूर लोकसभा सीट से दो बार चुनाव जीता, हालांकि इसके बाद उन्हें इस सीट से लगातार तीन बार हार का सामना करना पड़ा। तमिलनाडु में सभी दलों में उन्हें काफी सम्मान हासिल है और यही वजह है कि भाजपा ने उन्हें कई राज्यों का राज्यपाल बनाया। 2024 में बने थे राज्यपाल- उन्होंने 31 जुलाई 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। इससे पहले, उन्होंने लगभग डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में, उन्हें तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। तमिलनाडु के तिरुपुर में 20 अक्टूबर, 1957 को जन्मे राधाकृष्णन के पास व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक की डिग्री है। 16 साल की उम्र में आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में शुरुआत करने वाले राधाकृष्णन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। वर्ष 1996 में, राधाकृष्णन को भाजपा की तमिलनाडु इकाई का सचिव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रमुख बनीं सुशीला कार्की, राष्ट्रपति भवन में हुआ शपथ ग्रहण

काठमांडू। नेपाल में युवा पीढ़ी के हिंसक प्रदर्शनों के बाद उपजे राजनीतिक संकट के बीच शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार की कमान सौंप दी गई। शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन में उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले नेपाल की संसद को भंग कर दिया गया था।



सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति रामसहाय यादव, काठमांडू के मेयर बालेन शाह, मुख्य न्यायाधीश प्रकाश सिंह रावत उपस्थित रहे। माना जा रहा है कि सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण के बाद नेपाल में अंतरिम कैबिनेट आज रात ही पहली बैठक कर सकती हैं। इससे पहले शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज की मौजूदगी में जनरेशन-जी के नेतृत्वकर्ताओं ने एक बैठक की थी। जिसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बनी थी।

### कौन हैं सुशीला कार्की?

सुशीला कार्की का जन्म सात जून 1952 को विराटनगर में हुआ था। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। इसके अलावा उन्होंने कानून की पढ़ाई नेपाल की त्रिभुवन यूनिवर्सटी से की। इसके बाद वकालत और कानूनी सुधारों के क्षेत्र में अपने करियर की शुरुआत की। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक मामलों की सुनवाई की, जिनमें चुनावी विवाद भी शामिल थे। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध के खिलाफ हाल में हुए 'जेन जेड' प्रदर्शन में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है। काठमांडू (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# उम्मीद है कि उन्हें सद्बुद्धि आएगी, ट्रंप की आर्थिक नीतियों पर बोले आरबीआई के पूर्व गवर्नर रंगराजन

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी. रंगराजन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुछ आर्थिक नीतियों ने न केवल वैश्विक व्यापार को ठप कर दिया है, बल्कि ये अमेरिका के लिए भी आत्मघाती हैं।



उच्च शिक्षा के लिए आईसीएफएआई फाउंडेशन के 15वें दीक्षा समारोह में रंगराजन ने ब्रिक्स का नाम लिए बिना कहा कि विभिन्न देशों के ऐसे समूहों का उदय अपरिहार्य है, जिनके बीच व्यापार अधिक मुक्त तरीके से हो, लेकिन अंतिम लक्ष्य अधिक मुक्त व्यापार वाला विश्व होना चाहिए।

### उम्मीद है कि उन्हें सद्बुद्धि आएगी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष रहे रंगराजन ने कहा, आज दुनिया में उथल-पुथल है। राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ आर्थिक नीतियों ने विश्व व्यापार को ठप कर दिया है। उम्मीद है कि उन्हें सद्बुद्धि आएगी और अमेरिका के नीति निर्माताओं को अहसास होगा कि वे जिन नीतियों को अपनाना चाहते हैं, वे आत्मघाती हैं। भारत इनसे सबसे ज्यादा प्रभावित है।

### 6 राज्यों का राष्ट्रीय आय में 52 प्रतिशत योगदान

रंगराजन के अनुसार, भारत की वृद्धि दर असमान है क्योंकि छह राज्य (महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, गुजरात और बंगाल) राष्ट्रीय आय में 52 प्रतिशत का योगदान करते हैं जबकि शेष राज्य 48 प्रतिशत का योगदान करते हैं। उदाहरण के लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम मोदी ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम पोर्टल, प्राचीन पांडुलिपियों को मिलेगा डिजिटल जीवन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान भारतम पोर्टल की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने ज्ञान भारतम मिशन के तहत भारत की प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण की बात पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि ये पांडुलिपियां भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत की जीवित धरोहर हैं, जो हमारी विविधता में एकता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 80 भाषाओं में लिखी गई ये पांडुलिपियां ज्ञान का एक विशाल समुद्र हैं। इनमें संस्कृत, प्राकृत, असमिया, बंगाली, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मराठी जैसी भाषाएं शामिल हैं। उन्होंने गिलगित पांडुलिपि का उदाहरण देते हुए बताया कि ये कश्मीर के इतिहास की असली जानकारी देती है। बता दें कि ज्ञान भारतम एक डिजिटल मंच है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और उनके पारंपरिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना है। इस सम्मेलन का विषय पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति है, जो कि 11 से 13 सितंबर तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है।



### भारत की पांडुलिपियां मानवता की यात्रा को दर्शाती हैं- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की पांडुलिपियाँ मानवता की यात्रा को दर्शाती हैं, जिसमें दर्शन, विज्ञान, चिकित्सा, खगोलशास्त्र, वास्तुकला जैसे कई विषय शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जीएसटी रिफार्म पर सीएम की प्रेस कान्फ्रेंस: बोले- यह पीएम मोदी का ऐतिहासिक कदम

रायपुर। जीएसटी 2.0 पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा की। श्री साय ने कहा कि, पीएम मोदी देश को आगे ले जाने लगातार काम कर रहे हैं। मेरा सौभाग्य रहा मंत्री के रूप में उनके साथ काम करने का अवसर मिला। वित्तमंत्री ओपी चौधरी और सांसद संतोष पांडेय भी सीएम के साथ मौजूद रहे।




### सभी वर्गों को होगा लाभ

श्री साय ने कहा कि, 11 साल में ही पीएम मोदी ने देश को चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना दी। अब तीसरे स्थान पर भारत को खड़ा कर विश्व महाशक्ति बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि, पहले 17 अलग- अलग टैक्स हुआ करता था, टैक्स पर टैक्स लगता था। मोदीजी ने एक देश एक टैक्स की अवधारणा को धरातल पर उतारा। GST में सरलीकरण से देश के लोगों को लाभ हुआ है। उद्योगों, व्यापारियों और आम लोगों को GST में कमी करने से लाभ हुआ है।

### किसानी में कम होगा खर्च

श्री साय ने मीडिया से कहा कि, कृषि यंत्रों की कीमत कम होने से कृषि में आसानी होगी। स्वास्थ्य, जीवन बीमा, इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में भी कीमतें कम होंगी। किसानों के लिए तो GST रिफार्म वरदान की तरह है। सीएम साय ने कहा कि, किसानों की लागत मूल्य में कमी आएगी।

# बिहार चुनाव 2025: कांग्रेस के एआई वीडियो ने खड़ा किया नया राजनीतिक विवाद, बीजेपी ने साधा निशाना; कहा- शर्मनाक



पटना। बिहार कांग्रेस द्वारा गुरुवार को शेयर किए गए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वीडियो ने राजनीतिक हलकों में हंगामा मचा दिया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां हीराबेन मोदी जैसे दिखने वाले किरदारों को दर्शाया गया है। बिहार कांग्रेस ने इस वीडियो को 'एआई जनरेटेड' बताते हुए X पर शेयर किया, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने इसे लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

### वीडियो का विवादास्पद कंटेंट

बिहार कांग्रेस ने वीडियो में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन इसमें दिखाए गए किरदार पीएम मोदी और उनकी मां से मिलते-जुलते हैं। वीडियो के साथ हिंदी कैप्शन में लिखा गया, साहब के सपनों में आई मां, देखिए रोचक संवाद।

क्लिप में एक किरदार, जो पीएम मोदी जैसा दिखता है, सोते समय कहता है, आज की 'वोट चोरी' से निपट लिया, चलो अब अच्छी नींद लेते हैं। इसके बाद, उनकी मां जैसी दिखने वाली महिला सपने में प्रकट होती है और उन्हें वोट के लिए उनके नाम का दुरुपयोग करने पर फटकार लगाती है।

वीडियो में नोटबंदी के दौरान पीएम मोदी की मां के पुराने नोट बदलने के लिए कतार में खड़े होने की घटना का भी जिक्र है। अंत में, महिला कहती है, राजनीति में तुम कितना गिर सकते हो? जिसके बाद किरदार चौंककर जाग जाता है।

### बीजेपी का तीखा पलटवार

बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने इस वीडियो को शर्मनाक करार देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने X पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने न केवल पीएम की मां का अपमान किया, बल्कि झूठ के सहारे अपने नेताओं का बचाव भी किया।

बिहार कांग्रेस ने इस घिनौने वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दीं। उन्होंने आगे कहा, यह पार्टी गांधीवादी नहीं, गालीवादी हो गई है। महिला और मातृ शक्ति का अपमान कांग्रेस की पहचान बन चुका है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां का अपमान कर रही है। बिहार की जनता राजद और कांग्रेस को करारा जवाब देगी, जो माताओं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सबसे बड़ी रक्षा डील की तैयारी में भारत सरकार, देश को मिल सकते हैं 114 मेक इन इंडिया राफेल

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय को भारतीय वायुसेना से 114 'मेक इन इंडिया' राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव मिला है। इस सौदे की कीमत दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। खास बात यह है कि ये विमान फ्रांस की डसॉ एविएशन कंपनी बनाएगी, लेकिन इसमें भारतीय एयरोस्पेस कंपनियों की भी अहम भूमिका होगी। मंत्रालय ने इस प्रस्ताव पर चर्चा शुरू कर दी है।



रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, वायुसेना द्वारा तैयार किया गया स्टेटमेंट ऑफ केस (एसओसी) मंत्रालय को कुछ दिन पहले मिला है। अब इस पर रक्षा मंत्रालय की विभिन्न शाखाएं, जिसमें रक्षा वित्त भी शामिल है, विचार कर रही हैं। अगले चरण में यह प्रस्ताव रक्षा खरीद बोर्ड डीपीबी) और फिर रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) के पास जाएगा।

### सबसे बड़ा रक्षा सौदा

इस प्रस्ताव को अगर मंजूरी मिल जाती है तो यह भारत सरकार का अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होगा। इससे भारतीय रक्षा बलों के पास कुल 176 राफेल विमान हो जाएंगे। फिलहाल भारतीय वायुसेना के पास 36 राफेल हैं और नौसेना ने 26 विमानों का ऑर्डर दिया हुआ है।

### पाकिस्तान और चीन पर राफेल का दबदबा

राफेल की क्षमता हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर में भी साबित हुई। इसमें राफेल ने चीन के आधुनिक PL-15 (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बिलासपुर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: निजी शैक्षणिक संस्थाओं पर लागू होगा ESIC, सभी स्कूलों को करना होगा पालन

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जिसके अनुसार, प्रदेश के 8 हजार निजी शैक्षणिक संस्थाओं पर भी ESIC कानून लागू होगा। वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निजी शैक्षणिक संस्थानों की याचिका को खारिज कर दिया है। अब शिक्षण संस्थाओं के लाखों कर्मचारी ESIC एक्ट के दायरे में होंगे।



हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा। हाईकोर्ट के आदेश से प्रदेशभर के 7 हजार 975 निजी और सहायता प्राप्त स्कूल प्रभावित होंगे। 1 अप्रैल 2024 से सभी निजी स्कूलों में अनिवार्य ESIC कानून का पालन होगा।

मामले में 2005 में राज्य सरकार और ESIC ने स्कूलों को जारी नोटिस किया था। इसी के खिलाफ बिलासपुर समेत प्रदेश के स्कूलों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

### क्या है मामला

दरअसल, प्रदेश सरकार ने 27 अक्टूबर 2005 को अधिसूचना जारी कर शैक्षणिक संस्थानों को भी ईएसआईसी एक्ट के दायरे में लाने का निर्णय लिया था। इसके तहत 20 या उससे ज्यादा कर्मचारियों वाले स्कूलों को 1 अप्रैल 2006 से इस कानून का पालन करना जरूरी किया गया था। 2011 में ईएसआईसी ने योगदान राशि जमा करने के लिए नोटिस जारी किया, तो कई स्कूलों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

### कई स्कूलों ने किया था विरोध

याचिका में कहा गया कि, शिक्षा देना कोई व्यापार या औद्योगिक गतिविधि नहीं है। इसलिए स्कूलों को एस्टेब्लिशमेंट की श्रेणी में लाकर ईएसआईसी एक्ट लागू करना गलत है। उन्होंने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बेंगलुरु में आयोजित सीपीए सम्मेलन में शामिल हुए डॉ. रमन ने कहा- संवाद लोकतंत्र की आत्मा, जन विश्वास की नींव

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में बेंगलुरु में हुआ 11वां सीपीए राष्ट्रीय सम्मेलन

### छत्तीसगढ़ विस अध्यक्ष ने कहा, 'पारदर्शिता और जवाबदेही ही लोकतंत्र की ताकत'

रायपुर (दावा)। बेंगलुरु स्थित विधानसौध में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 11वें राष्ट्रीय सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शामिल होकर अपने विषय 'विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा- जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम' पर अपना संबोधन दिया।

अपने संबोधन में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विधायी संस्थाएं केवल कानून बनाने वाली मशीनें नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र की आत्मा हैं, जहाँ जनता की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति मिलती है। संवाद और चर्चा ही वह शक्ति है, जो लोकतंत्र को जीवंत और जनोन्मुख बनाए रखती है। उन्होंने कहा कि 'लोकतंत्र का मूलाधार संवाद और विमर्श है। संसद और विधानसभाएँ तभी फलती-फूलती हैं, जब उनमें खुले मन से सार्थक और रचनात्मक चर्चा हो। यही प्रक्रिया जनता के विश्वास को मजबूत करती है। अपने वक्तव्य को और स्पष्ट करते हुए डॉ. सिंह ने युवाल नोआ हरारी की पुस्तक सेपिएन्स का उल्लेख किया और कहा कि 'मानव सभ्यता के विकास में संवाद को सबसे अहम पड़ाव माना गया है। संवाद ही वह साधन है जिसने इंसान को जंगलों से निकालकर आधुनिक युग की ओर अग्रसर किया। आज भी समाज और लोकतंत्र का आधार संवाद ही है।'




उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही संवाद का सबसे बड़ा प्रतीक है। स्वस्थ संवाद यह सुनिश्चित करता है कि सरकार की नीतियां जनता के सामने खुली हों और विपक्ष को भी सरकार की नीतियों की समीक्षा का पर्याप्त अवसर मिले। इससे जनता का विश्वास सुदृढ़ होता है।

डॉ. सिंह ने नीति-निर्माण में संवाद की महत्ता बताते हुए कहा कि जब किसी विधेयक पर गहन चर्चा होती है, तो उसके सभी पहलुओं लाभ, कमियाँ और दीर्घकालिक प्रभाव पर विचार किया जाता है। इस प्रक्रिया से जो कानून निकलता है, वह अधिक मजबूत और संतुलित होता है। डॉ. सिंह ने आगे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पूरा परिसर खाली; दिल्ली के बाद मुंबई में हड़कंप

मुंबई। शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें कोर्ट को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। यह घटना दिल्ली हाईकोर्ट को इसी तरह की धमकी मिलने के कुछ घंटों बाद सामने आई, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट जारी हो गया। बम निरोधक दस्ता और सुरक्षा दल तुरंत मौके पर पहुंच गए और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अदालत के आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। रिपोर्टों के अनुसार, धमकी भरा मेल भेजने वाले ने दावा किया कि अदालत परिसर में तीन बम रखे गए हैं और चेतावनी दी कि दोपहर 2 बजे के बाद उनमें विस्फोट किया जाएगा।

दिल्ली हाईकोर्ट को भी शुक्रवार दोपहर नमाज के तुरंत बाद एक धमकी भरा ईमेल मिला था। उसमें जज के चैंबर में बम होने का दावा किया गया। वहां भी परिसर खाली कर तलाशी की गई, लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला। विशेषज्ञों का मानना है कि यह संभवतः समन्वित प्रयास हो सकता है। फिलहाल पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां दोनों घटनाओं की गहन जांच कर रही हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय में दोपहर करीब 12.20 बजे ईमेल मिलने के बाद परिसर को तुरंत खाली कराया गया। जज, वकील, स्टाफ और वादियों को बाहर निकाला गया। बेंचें स्थगित हो गईं। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड, फायर सर्विस और स्पेशल सेल ने सघन तलाशी ली।

CMYK

# प्रदेश में सबसे गर्म रहे राजनांदगांव में बारिश की बौछारें, आधे घंटे तक जमकर हुई बारिश

राजनांदगांव(दावा)। बीते कुछ दिनों से सिस्टम नहीं बनने से राजनांदगांव जिले का तापमान प्रदेश में सर्वाधिक बढ़ गया था। पिछले एक सप्ताह से मानसून पर ब्रेक लगने से अंचल का तापमान 36 डिग्री को पार कर गया था। लोग भीषण गर्मी और उमस से परेशान हो रहे थे। इसका असर सीधे सेहत पर हो रहा था और लोग बीमार हो रहे थे। ऐसे समय में शुक्रवार दोपहर को गरज तरज के साथ अच्छी बारिश होने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। आधे घंटे तक हुई इस बारिश से सबकी गर्मी उतर गई।

शुक्रवार दोपहर अंचल में आधे घंटे तक गरज चमक के साथ अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिल गए। बता दें कि अभी खेतों में धान की फसल खड़ी है। फसल उपज के लिए पानी की आवश्यकता है। पिछले एक सप्ताह से पड़ रही गर्मी के कारण खेतों में पानी सुख गए है। इससे किसानों को परेशानी हो रही थी। इस समय खेतों में अंतिम बार यूरिया खाद छिड़काव का समय है लेकिन खेतों में पानी नहीं होने से किसानों को दिक्कतें आ रही थी। शुक्रवार को अच्छी खासी बारिश होने से किसानों की चिंता समाप्त हुई। अब उनके चेहरों में खुशी देखी जा रही है।




उमस से जूझ रहे लोगों की गर्मी हुई शांत, बारिश से लुढ़केगा तापमान

### बारिश का बना सिस्टम, लुढ़केगा तापमान

मौसम विज्ञानी एच पी चंद्रा ने बताया कि सिस्टम बनने से अंचल सहित प्रदेश भर में हल्की से मध्यम बारिश होगी। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर दक्षिणी पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर पूर्व अरब सागर के ऊपर केंद्र गुजरात, यूपी, बिहार और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर स्थित है। इसके चलते 12 सितंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी। साथ ही उन्होंने प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने व हारी वर्षा होने की संभावना जताई थी। इसका क्षेत्र उन्होंने मुख्यतः बस्तर संभाग और उससे लगे रायपुर संभाग और आसपास के जिले को चिन्हांकित किया था। उक्तानुसार शुक्रवार दोपहर में गरज चमक के साथ आधे घंटे तक राजनांदगांव जिले में अच्छी बारिश हुई।

### धान फ़सल के लिए बारिश फायदेमंद है

किसान नेता अशोक चौधरी ने शुक्रवार दोपहर हुई बारिश को धान फसल के लिए फायदेमंद बताया और कहा कि जिन खेतों में पानी नहीं भरा है किसान इसे स्टोर कर सकते हैं। उसके लिए यह बारिश लाभदायक है। किसान चाहे तो फसल में हरियाली लाने व बाल निकलने के समय यूरिया के बजाय एनपीके 52-35 का स्प्रे के माध्यम से छिड़काव कर सकते हैं। इधर धान के फसल में पानी की अधिक उपयोगिता को देखते हुए कलेक्टर साहब भी फसल विविधिकरण के लिए सलाह दी है। खास कर रबी फसलो के लिए उन्होंने कहा है कि रबी मौसम में कम पानी के उपयोग वाली फसलों का उत्पादन करेंगे तो आने वाले समय में जल संकट की स्थिति से निजात मिलेगी। बहरहाल शुक्रवार दोपहर गरज चमक के साथ हुई बारिश से उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिली वहीं किसानों को भी इससे खुशी हुई है।

# अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में नशाखोरी के चलते हो रही चाकूबाजी व हत्या की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अब अवैध शराब तस्करी के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई में जुट गया है। पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब परिवहन के 10 प्रकरणों में 10 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की है।

बताया जाता है कि उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में की गई है। इसमें 34(2) आबकारी एक्ट अजामानतीय के 05 प्रकरण एवं 34(1) आबकारी एक्ट जमानतीय के तहत् 03 प्रकरण तथा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत् 02 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने अवैध शराब मामलों में आज आबकारी एक्ट के तहत 08 आरोपियों से 278 पौवा देशी शराब किमती 24630 रू0 एवं 151 पौवा अंग्रेजी शराब किमती 18360 रूपये जप्त एवं बिक्री रकम 5550 रूपये नगदी रकम, जुमला किमती 48540 रूपये जप्त किया गया और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।



10 प्रकरण में 10 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध

### अवैध शराब तस्करी के आरोपियों को भेजा गया जेल

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में शुक्रवार 12 सितंबर दिनांक को अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। जिसपर थाना डोंगरगढ़, कोतवाली, बसंतपुर, ओ.पी. चिखली और चिचोला द्वारा 34(2) एवं 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् 05 प्रकरण में 05 आरोपियों के कब्जे से 226 पौवा देशी शराब किमती 20270 रू. व बिक्री रकम 5170 रू., 151 पौवा अंग्रेजी शराब किमती 18360 रू बरामद किया गया तथा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् 03 प्रकरण में 03 आरोपियों के कब्जे से 52 पौवा देशी शराब किमती 4340 रू. व बिक्री रकम 380 रू0 बरामद कर जुमला किमती 48540 रू0 जप्त किया गया, साथ ही ओ.पी. मोहारा एवं तुमड़ीबोड़ द्वारा 36(च) के तहत 01-01 कार्यवाही की गई आरोपियों को जेल भेजा गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में छात्रों ने सफलता हासिल की



राजनांदगांव (दावा)। कमल कराटे अकादमी, ममता नगर में 10 सितंबर को आयोजित हुई कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन का परिचय देते हुए सफलता प्राप्त की। कु. शुभता श्रीवास्तव ने ब्लैक बेल्ट, कु. पलक नेमा को ग्रीन बेल्ट मिला। कु. रस्मि गंगबेर और कु. सिवन्या पाठक ने येलो बेल्ट प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों की सफलता पर उनके माता-पिता और परिजनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस परीक्षा के दौरान सेन्सेई काजल यादव, आदित्य देवांगन और लवयांश लहरी भी उपस्थित रहे। जिन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने पार की 555 प्रवेशों की संख्या, शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है, जहां प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या 555 तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि रॉयल किड्स कॉन्वेंट की बढ़ती लोकप्रियता और शिक्षा के क्षेत्र में इसकी मजबूत स्थिति को दर्शाती है।

### आधुनिक शिक्षा पद्धति और सर्वोत्तम अभ्यास

रॉयल किड्स कॉन्वेंट में छात्रों को आधुनिक शिक्षा पद्धति के तहत शिक्षित किया जाता है, जिसमें शामिल हैं- इनोवेटिव प्रैक्टिसेज- रॉयल किड्स कॉन्वेंट में शिक्षकों द्वारा नवीनतम शिक्षण तकनीकों और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके छात्रों को आकर्षक और प्रभावी तरीके से शिक्षित किया जाता है। प्रत्येक छात्र को व्यक्तिगत ध्यान दिया जाता है, जिससे उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा प्रदान की जा सके।

### जिला स्तर पर मॉडल स्कूल के रूप में चयन

रॉयल किड्स कॉन्वेंट को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत जिला स्तर पर मॉडल स्कूल के रूप में चुना गया है। यह चयन शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय की उत्कृष्टता और नवाचारों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### छात्रों के लिए सुविधाएं

रॉयल किड्स कॉन्वेंट में छात्रों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं, जैसे कि- डिजिटल लाइब्रेरी- छात्रों के लिए ऑनलाइन संसाधनों और ई-पुस्तकालयों तक पहुंच। हाई-टेक लैब्स- विज्ञान, गणित और कंप्यूटर लैब्स में छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना। स्पोर्ट्स फैसिलिटी- छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल सुविधाएं। अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि राजनांदगाँव का एक मात्र संस्थान जहाँ क्वीज, मोनो प्ले, ड्रामैटिक्स जैसी एक्टीविटीज़ कराई जाती है।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी और निदेशक संजय बहादुर सिंह, श्रीमति मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमति इला सिंह ने इस उपलब्धि के लिए रॉयल किड्स कॉन्वेंट परिवार, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, प्राचार्या एकता खण्डेलवाल, उपप्राचार्य ममता मिश्रा, एच एम सरिता सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, अपर्णा वर्मा, तृप्ति मेश्राम, आकांक्षा साहू, अनंत मसीह, इमरान जिंदरान, नवीन श्रीवास्तव, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव, कैम्पेनिंग प्रभारियों को बधाई दी है और छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।







dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सस्पेंस फिल्म
खारून पार
एल्सा घोस - शीला वर्मा क्रांति दीक्षित, उपासना वैष्णव




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


**शुभांक**

बी. के.

अनुमानित

3-6-7

267-5 137-1

राजधानी

235-0 269-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

आवेदक अमरसिंग आ. चैनसिंग वासनिक निवासी मुदलियार चाल स्टेनशनपारा, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 34 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 312/56क, 313/34, 314/34, 315/33, 316/35 रकबा 0.0100 हे. भूमि के ऑनलाईन अभिलेख में आवेदक एवं अन्य सहखातेदार का नाम दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 26/9/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 11/9/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 11/9/2025
पेशी दिनांक :- 26/9/2025

तहसीलदार,
राजनांदगांव

## कार्यालय वन परिक्षेत्राधिकारी, वन परिक्षेत्र रेंगाखार (सा.) (छ.ग.)

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश कुमार पिता बिसन सिंह दत्तक पुत्र स्व. रेशम सिंह निवासी ग्राम सुतिया ने आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सुतिया में खातेदार राकेश कुमार पिता बिसन सिंह दत्तक पुत्र स्व. रेशम सिंह के फौत होने पर कलीबाई पति स्व. रेशम सिंह के नाम में धारित भूमि पर वारिसान हक में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वाद भूमि ग्राम सुतिया में स्थित है। कक्ष क्रमांक 133बी रकबा 2.241 हेक्ट. है। उक्त भूमि वारिसान हक में नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आज दिनांक 11/09/25 के 07 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति इस कार्यालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 11/09/25**

**नामांतरण हेतु वारिसानों की सूची**

| | |
|---|---|
| 1 | श्रीमती कलीबाई पति स्व. रेशम सिंह, ग्राम सुतिया |
| 2 | श्री राकेश कुमार पिता बिसन सिंह दत्तक पुत्र स्व. रेशम सिंह, ग्राम सुतिया |

जी-252603466/1 — वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंगाखार (सा.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र./6073/अविअ/प्रवा-03/2025 — राजनांदगांव, दिनांक 02/09/2025

**एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्याणी इस्पात लिमिटेड द्वारा संदीप कुमार मिश्रा पिता सनत कुमार मिश्रा, निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कोपेडीह, पटवारी हल्का नंबर 62 खसरा नंबर :-**

**ग्राम - कोपेडीह**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 507/1 | 0.2380 | 15 | 519/1 | 0.4620 |
| 2 | 508/1 | 0.1680 | 16 | 520/1 | 0.4440 |
| 3 | 508/2 | 0.1680 | 17 | 520/2 | 0.4050 |
| 4 | 509/2 | 0.5990 | 18 | 557/2 | 0.1540 |
| 5 | 509/3 | 0.6560 | 19 | 556/1/Kh | 0.3770 |
| 6 | 510/1 | 0.1380 | 20 | 861/1 | 0.1780 |
| 7 | 514/2 | 0.2870 | 21 | 619/3 | 0.2710 |
| 8 | 515/2 | 0.1980 | 22 | 625/2 | 0.1220 |
| 9 | 516/1 | 0.1460 | 23 | 625/4 | 0.6070 |
| 10 | 516/2 | 0.2190 | 24 | 634/1 | 0.1570 |
| 11 | 516/3 | 0.0400 | 25 | 634/3 | 0.1620 |
| 12 | 516/4 | 0.0730 | 26 | 639/1 | 0.2750 |
| 13 | 517 | 0.4170 | 27 | 639/4 | 0.1940 |
| 14 | 518 | 0.5220 | 28 | 639/9 | 0.1050 |
| | | | | योग | 7.7820 |

**कुल खसरा संख्या-28 कुल रकबा- 7.7820 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है। उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत् जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **18/09/2025** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक **02/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र./6073/अविअ/प्रवा-03/2025 — राजनांदगांव, दिनांक 02/09/2025

**एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्याणी इस्पात लिमिटेड द्वारा संदीप कुमार मिश्रा पिता सनत कुमार मिश्रा, निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कोपेडीह, पटवारी हल्का नंबर 62 खसरा नंबर :-**

**ग्राम - कोपेडीह**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 332/2 | 0.3040 | 18 | 532/1 | 0.0260 |
| 2 | 472/2 | 0.2020 | 19 | 542/2 | 0.0690 |
| 3 | 479/1 | 0.0230 | 20 | 545/4 | 0.1500 |
| 4 | 479/1 | 0.0350 | 21 | 588/2 | 0.4050 |
| 5 | 480 | 0.0850 | 22 | 600/1 | 0.3240 |
| 6 | 481/2 | 0.0600 | 23 | 600/4 | 0.0810 |
| 7 | 485/1 | 0.0640 | 24 | 605/1 | 0.0760 |
| 8 | 485/2 | 0.0410 | 25 | 634/2 | 0.1700 |
| 9 | 487/2 | 0.1000 | 26 | 635 | 0.2830 |
| 10 | 488/1 | 0.1520 | 27 | 647/1 | 0.1380 |
| 11 | 490/1 | 0.0640 | 28 | 647/2 | 0.1380 |
| 12 | 490/2 | 0.1140 | 29 | 647/3 | 0.1580 |
| 13 | 491/1 | 0.0510 | 30 | 647/4 | 0.1090 |
| 14 | 491/5 | 0.0510 | 31 | 647/5 | 0.1700 |
| 15 | 492/2 | 0.4570 | 32 | 647/6 | 0.0610 |
| 16 | 504/3 | 0.2580 | 33 | 726/1 | 0.3200 |
| 17 | 504/4 | 0.1390 | | योग | 4.8780 |

**कुल खसरा संख्या-33 कुल रकबा- 4.8780 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है। उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत् जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **18/09/2025** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक **02/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

# एक ही विवाद में दो-दो एफआईआर : पत्रकार परिवार पर पुलिस की दोहरी कार्रवाई से मचा बवाल

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी अंतर्गत थाना चिल्हाटी पुलिस की कार्रवाई को लेकर जिलेभर में बवाल मच गया है। आरोप है कि तीन माह के भीतर एक ही प्रकरण में पत्रकार, उनकी बीमार पत्नी और वृद्ध पिता के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मनमानी की है। इस घटना से पत्रकारों में भारी आक्रोश है। प्रेस क्लब ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया है, वहीं पीड़ित पत्रकार के पक्षकार अधिवक्ता कादिर सिद्दकी ने भी पुलिस कार्यवाही पर सवाल उठाए हैं।



ज्ञात हो कि कहाड़कसा निवासी आंचलिक पत्रकार केजन साहू व उनके परिजनों के खिलाफ 20 जून 2025 को जमीन विवाद और पानी निकासी को लेकर पहली एफआईआर दर्ज की गई थी। डीएसपी जांच रिपोर्ट के आधार पर यह मामला प्रतिबंधात्मक धारा 107/16 में दर्ज हुआ और न्यायालय में प्रस्तुत है। फिर दूसरी एफआईआर 9 सितंबर 2025 की रात उसी प्रकरण को आधार बनाकर पत्रकार परिवार के खिलाफ दूसरी एफआईआर दर्ज कर दी गई। इस बार जातिगत प्रताड़ना और गाली-गलौज जैसे गंभीर आरोप लगाए गए। पत्रकारों का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह राजनीतिक दबाव का नतीजा है।

अधिवक्ता कादिर सिद्दकी ने कहा कि यह पूरा मामला विरोधाभासी जांच का परिणाम है। डीएसपी स्तर की जांच न कोई गंभीर अपराध नहीं पाया गया था। अधिकारी ने गांव में पार्टीबंदी और आपसी रंजिश को देखते हुए सिर्फ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की थी, जो अभी न्यायालय में लंबित है। बाद में पत्रकार के खिलाफ आयोग में शिकायत की गई जिसकी जांच में समकक्ष डीएसपी ने अपराध घटित होना बताया। पीड़ित के वकील ने सवाल उठाया कि अगर अपराध हुआ था, तो पहले जांच करने वाले डीएसपी को क्लीन चिट देने पर क्यों नहीं जिम्मेदार ठहराया जा रहा। उन्होंने कहा कि बीएनएस की धारा 257 के मुताबिक यदि कोई लोकसेवक जानबूझकर पक्षपाती या विधि-विरुद्ध रिपोर्ट देता है तो उसे सात साल तक की सजा हो सकती है। उन्होंने मामले को हाईकोर्ट में चुनौती देने की बात कही है।

जिला प्रेस क्लब मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष एनिशपुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में आपात बैठक कर पत्रकारों ने इस पूरे घटनाक्रम को षड्यंत्र करार दिया। प्रेस क्लब ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच कर आरोप वापस नहीं लिए गए तो पत्रकार लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेंगे।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड (छ.ग.)**

E-Mail- dfomarwahi@yahoo.com

**// नीलाम-सूचना //**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड के मड़ना डिपो एवं अन्य डिपो में निम्न विवरण अनुसार वनोपज ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छु व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा मड़ना काष्ठागार से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम - मड़ना काष्ठागार
नीलाम दिनांक - 23.09.2025
नीलामी प्रारंभ - प्रातः 09.00 बजे से

**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| डिपो का नाम | प्रजाति | लट्टा (घ.मी.) | | बल्ली नग |
|---|---|---|---|---|
| | | पुराना | नया | पुराना |
| मड़ना डिपो | सागौन | 49.348 | 1.039 | 681 |
| | साल | 221.613 | 49.820 | 359 |
| | साजा | 36.572 | 6.100 | 227 |
| | बीजा | 18.244 | - | 46 |
| | तिंसा | 1.459 | - | - |
| | हल्दू/मु./ख. | 8.105 | - | - |
| | धावड़ा | 2.802 | 2.076 | - |
| | सेमल | 3.916 | 0.852 | - |
| | अन्य | 30.439 | 15.963 | 603 |
| | नीलगिरी | 1.517 | 9.396 | 478 |
| | R.T.L. साल-साजा | 394.792 | - | - |
| | R.T.L. अन्य | 168.249 | - | - |
| | योग | 937.056 | 85.246 | 2394 |
| जलाऊ डिपो पेण्ड्रा | सागौन जलाऊ | 02 | - | - |
| | सतकठा जलाऊ | 227 | 35 | - |
| | साल जलाऊ | 3 | - | - |
| | योग:- | 232 Chatta | 35 Chatta | - |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है।

जी- 252603438/1

वन मंडलाधिकारी
मरवाही वनमण्डल, पेंड्रारोड

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र./6073/अविअ/प्रवा-03/2025 — राजनांदगांव, दिनांक 02/09/2025

**एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्याणी इस्पात लिमिटेड द्वारा संदीप कुमार मिश्रा पिता सनत कुमार मिश्रा, निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कोपेडीह, पटवारी हल्का नंबर 62 खसरा नंबर :-**

**ग्राम - कोपेडीह**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 608/1 | 0.6110 | 23 | 623/1 | 0.2830 |
| 2 | 608/2 | 0.1860 | 24 | 623/3 | 0.0810 |
| 3 | 608/3 | 0.0940 | 25 | 623/4 | 0.0400 |
| 4 | 609/2 | 0.4050 | 26 | 623/5 | 0.3240 |
| 5 | 618/1 | 0.4410 | 27 | 624/1 | 0.3480 |
| 6 | 618/2 | 0.1340 | 28 | 625/3 | 0.3400 |
| 7 | 619/1 | 0.2020 | 29 | 631/2 | 0.1820 |
| 8 | 619/2 | 0.1130 | 31 | 632/3 | 0.0810 |
| 9 | 619/4 | 0.2020 | 32 | 633 | 0.7730 |
| 10 | 619/5 | 0.1100 | 33 | 638 | 0.1290 |
| 11 | 620/1 | 0.1460 | 34 | 639/5 | 0.1500 |
| 12 | 620/2 | 0.3240 | 35 | 639/8 | 0.2790 |
| 13 | 621/1 | 0.2790 | 36 | 640 | 0.3520 |
| 14 | 621/2 | 0.2750 | 37 | 642/1 | 0.3240 |
| 15 | 622/1 | 0.3890 | 38 | 642/2 | 0.1010 |
| 16 | 622/2 | 0.0320 | 39 | 643/2 | 0.2100 |
| 17 | 622/3 | 0.2020 | 40 | 644 | 0.2430 |
| 18 | 622/4 | 0.4050 | 41 | 645 | 0.1980 |
| 19 | 622/5 | 0.2510 | 42 | 646 | 0.7610 |
| 20 | 622/6 | 0.3160 | 43 | 654/2 | 0.0810 |
| 21 | 622/7 | 0.2510 | | योग | 10.8870 |
| 22 | 622/8 | 0.1580 | | | |

**कुल खसरा संख्या-43 कुल रकबा- 10.8870 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है। उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत् जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **18/09/2025** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक **02/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

# सरकार से अपनी मांगे मनवाने में थके एनएचएम कर्मचारी मां बम्लेश्वरी की शरण में लगाई गुहार



## मां बम्लेश्वरी को चढ़ाई इक्कीस मीटर लंबी चुनरी, मांगों को लेकर अड़े कर्मचारी

राजनांदगांव (दावा)। पिछले लगभग एक माह से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे एनएचएम के कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन के विभिन्न प्रयोगों व प्रयासों के बाद सरकार को अपनी मांगों को नहीं मनवा सकने के बाद अब वे मां बम्लेश्वरी के शरण में गुहार लगाए हैं। जिले भर के एनएमएच कर्मचारियों ने धर्मनगरी डोंगरगढ़ जाकर मां बम्लेश्वरी को 21 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई और मां से उनकी मांगों के संदर्भ में सरकार को सद्बुद्धि देने व उन्हें इस लड़ाई को लड़ने के लिए शक्ति देने की प्रार्थना की है।

बता दें कि जिले भर के एनएचएम कर्मचारी गत 18 अगस्त से अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान रोजाना नए अंदाज में प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार का ध्यान हर संभव तरीके के अपनी मांगों की ओर खींचने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन कर्मचारियों के इन प्रदर्शनों का उनकी सेहत पर कोई असर नहीं हो रहा। इस तरह एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल लंबा खींचते जा रहा है।

### स्वास्थ्य सेवाएं हो रही प्रभावित

कर्मचारियों की हड़ताल के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था पर इसका असर पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों के बंद रहने से टीकाकरण व एएनसी सेवाएं भी बाधित है। हड़ताल के कारण शासन द्वारा संचालित रिपोर्टिंग सिस्टम भी प्रभावित हुआ है। मलेरिया, टीबी, टीकाकरण और महामारी नियंत्रण की कोई रिपोर्टिंग केंद्र तक नहीं पहुंच पा रही। यही नहीं एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के चलते 15 सितंबर को मनाया जाने वाला कृमि मुक्ति दिवस और 19 सितंबर को वजन त्योहार को भी स्थगित करना पड़ा है। इसके अलावा टीबी और मलेरिया जांच, प्रयोगशाला की सभी जांचे तथा मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धजन, स्वास्थ्य, स्कूल और आंगनबाड़ी स्वास्थ्य कार्यक्रम भी बंद पड़े हैं। एनएचएम कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती, हड़ताल जारी रहेगी।

### प्रदर्शन के हर पैंतरे आजमा रहे कर्मचारी

बता दें कि जिले में एनएचएम के 400 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी हैं। इनका अनिश्चितकालीन हड़ताल लंबा खींचने से धरना स्थल पर बामुश्किल आधे कर्मचारी जुट पा रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए धरना प्रदर्शन के हर पैंतरे आजमाएं जाने के बाद भी न जाने क्यों प्रदेश की भाजपा सरकार इनकी इस मांगों की ओर ध्यान देना नहीं चाह रही। इससे एनएमएच कर्मचारी अब भगवान की शरण में गुहार लगाने पहुंचे रहे हैं। गुरुवार को तकरीबन 200 कर्मी सुबह 10 बजे की ट्रेन से डोंगरगढ़ पहुंचे और रेल्वे स्टेशन से चुनरी यात्रा निकाल कर नीचे बम्लेश्वरी मंदिर तक पहुंचे और मातारानी को 21 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाकर अपने हड़ताल की सफलता की कामना की।

एनएमएच कर्मचारियों के हड़ताल से परेशानियां तो हो रही है। इसके चलते नियमित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मरीजों को कोई परेशानी न हो इसे देखते हुए कम कर्मचारियों में चिकित्सा व्यवस्था बनाकर काम लिया जा रहा है।
**- डॉ. यू.के.चंद्रवंशी, सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय राजनांदगांव**

# भारत के प्रांतों में छग ही महतारी- संतोष पाण्डेय





## छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में महाविद्यालय स्तर पर 12 सितम्बर को छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 'छत्तीसगढ़ का विकास, चुनौतियां एवं समाधान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। महाविद्यालय एलुमिनी एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती शारदा तिवारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री मणी भास्कर गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। समिति में मुख्य रूप से पूर्व लोकपाल अमलेन्दु हाजरा, वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र मुदिराज, अतुल रायजादा, माधुरी जैन, रेणु सूर्यवंशी, किरण राजपूत आदि उपस्थित थे। महाविद्यालय की छात्राएं चांदनी साहू, प्रज्ञा बाम्बेश्वर एवं श्रेया देवांगन ने छत्तीसगढ़ विकास के 25 वर्षो की यात्रा पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अपने सम्बोधन मे सांसद संतोष पाण्डेय ने महाविद्यालय की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत ही वो देश है जिसे पूरी दुनिया में मां का दर्जा प्राप्त है, हम अपने देश को भारत माता कहकर पुकारते है, ठीक उसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में छत्तीसगढ़ ही ऐसा प्रदेश है जिसे हम छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में सम्बोधित करते है, समाज के विकास महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार मातृवर्ग की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने महिला महाविद्यालय की प्रशंसा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने विकास के 25 वर्षो में अनेक कीर्तिमान स्थापित किये है। राज्य में एम्स, आई.आई.टी., आई.आई.एम. एवं कई मेडिकल कॉलेज तथा उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों की स्थापना हुई है। आज छत्तीसगढ़ की छात्राएं देश विदेश में प्रदेश का नाम रौशन कर रही है। आधारभूत सरंचना से लेकर मानव विकास के सूचकांकों में छत्तीसगढ़ में उत्तरोत्तर उन्नति की है। मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय द्वारा महाविद्यालय को अतिरिक्त कक्ष, सायकल स्टैण्ड, ए.सी. एवं वॉटर कूलर आदि सांसद निधि से प्रदाय करने की घोषणा की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.ओंकार लाल श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न मानवीय विकास संकेतों के माध्यम से एक विस्तृत मूल्यांकन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.जयसिंह साहू, प्राध्यापक भूगोल ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.हरप्रीत कौर गरचा एवं संगोष्ठी के अन्य सदस्य संजय मिश्रा, अमरनाथ निषाद, डॉ.दुर्गा शर्मा, श्रीमती खूशबू राजपूत, थनवार साहू एवं तकनीकी सहयोगी के रूप में रेवती रमन साहू, धनेश पटेल, गोविंद कुमार एवं उमेश पनरिया का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रामकुमारी धुर्वा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ.बसंत कुमार सोनबेर, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर में नि:शुल्क दवाईयों का किया वितरण

राजनांदगांव (दावा)। छग रजत जयंती के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के औद्योगिक क्षेत्र टेड़ेसरा के नवीन शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष छग श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने श्रमिकों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य जांच कराने तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विभिन्न बीमारी से ग्रसित पाए जाने वाले श्रमिकों को श्रम विभाग अंतर्गत संचालित मंडलों के पात्रतानुसार आवेदन कराकर लाभान्वित किया जाएगा।

श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर में अपंजीकृत श्रमिकों को पात्रतानुसार नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण कार्य किया गया तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों एवं आसपास क्षेत्र के लगभग 300 से अधिक श्रमिक शामिल हुए। इस दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 50 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच कर 29 रोगियों को आवश्यकतानुसार दवाई एवं आवश्यक स्वास्थ्य सलाह दी गई। ईएसआईसी औषधालय द्वारा लगभग 115 श्रमिकों एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 65 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया।

# आदिवासियों ने संवैधानिक व नैसर्गिक अधिकारों के लिये मांगों की पूर्ति हेतु सौंपे राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



- बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति में आदिवासी को शामिल करने की मांग
- कलेक्ट्रेट में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए जिले के आदिवासी जन

राजनांदगांव (दावा)। विश्व आदिवासी अधिकार दिवस के मौके पर जिले के बड़ी संख्या में आदिवासी जन कलेक्ट्रेट में उपस्थित हो कर अपने संवैधानिक व नैसर्गिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

बता दें कि 13 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया गया है। उक्त घोषणा के तहत आदिवासी भाईयों बहनों के लिए संविधानिक और नैसर्गिक अधिकार तय किए गए हैं जिसकी रक्षा की मांग आदिवासी समुदाय द्वारा महामहिम राष्ट्रपति से की गई है। ज्ञापन सौंपने आए आदिवासी समाज के नंद कुमार गोड़िया ने बताया कि सं.रा. संघ की घोषणा युनाईटेड नेशन डिकलिरेन्स दी राइट्स फॉर इंडीजिनस पीपल्स ने महासभा में 46 अनुच्छेद अधिकार है जिसमें आत्मनिर्णय अधिकार राजनीतिक स्थिति, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक की रक्षा, आदिवासी सम्मान की रक्षा हेतु अधिकार प्राप्त है भारत की केन्द्र सरकार एवं राज्यों की सरकारे इन संवैधानिक और नैतिक अधिकारों को तत्काल लागू करें।

### बम्लेश्वरी ट्रस्ट में आदिवासी शामिल किए जाए

उक्त के तहत उनकी 15 सूत्रीय मांगे हैं, इन मांगों में आदिवासियों द्वारा डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट में आदिवासी को शामिल करने की मांग सहित छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 25 जुलाई 2025 को भूमि सुधार संशोधन अधिनियम के अंतर्गत जमीन रजिस्ट्री की सभी प्रक्रियाएं रजिस्ट्री कार्यालय में पूर्ण कर रहें है जिससे जमीन रजिस्ट्री में पारदर्शिता नहीं है। अतः अधिनियम को पूर्व की भांति भूमि पंजीयन के लिये क्रेता-विक्रेता की पूर्ण विवरण की इश्तिहार जारी कर दावा आपत्ति के बाद ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रमाणिकरण किया जावें। अतः ऑनलाइन जमीन रजिस्ट्रेशन 16 जुलाई विधानसभा में पेश भूमि संशोधन नामांतरण बिल का हमें विरोध है, अतः बिल वापस करने की मांग है। इसी तरह छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत् अनुसूचित जनजाति भूमि अंतरण प्रतिबंध में ऋण पुस्तिका संलिप्त नही करने एवं जारी परिपत्र दिनांक 17 अगस्त 2016 को तत्काल निरस्त किया जायें। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 29 साल 11 महीना आदिवासी जमीन लीज में लेना कानून का विरोध दर्ज करते है इसको वापस लिए जाने सहित अन्य मांगे हैं। मांगों की प्रति महामहिम राष्ट्रपति सहित राज्यपाल, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को प्रेषित की है।

# अवैध रूप से गांजा परिवहन करते दो तस्कर गिरफ्तार

- 0 जिला केसीजी पुलिस टीम की गांजा तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही
- 0 8 किलोग्राम गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन व मोबाईल जप्त



खैरागढ़ (दावा)। जिला केसीजी पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत् शुक्रवार 12 सितंबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे हैं।।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा खैरागढ़-पिपरिया बाईपास रोड के पास रेड की गई, जहाँ दो आरोपियों योगेश तामशकर पिता अनिल तामशकर उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम ठाकुरटोला, थाना सोमनी व हिमांशु देशलहरे पिता स्व. विनोद देशलहरे उम्र 19 वर्ष, निवासी मोहंदी, थाना भिलाई-3 को पकड़कर उनके कब्जे से 08 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (कीमत लगभग रूपये 8,50,000), परिवहन हेतु प्रयुक्त मोटर साइकिल (होंडा एसपी साइन, क्रमांक सीजी-08/एबी 5517, कीमत 70,000 रूपये) एवं मोबाईल फोन जप्त किया गया। कुल जब्त मशरूका की कीमत लगभग रूपये 1,65,000 आँकी गई है। आरोपियों के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्र./6075/अविअ/प्रवा-03/2025 राजनांदगांव, दिनांक 02/09/2025

**एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्याणी इस्पात लिमिटेड द्वारा संदीप कुमार मिश्रा पिता सनत कुमार मिश्रा, निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा, पटवारी हल्का नं. 62 खसरा नं. :-**

**ग्राम अंजोरा**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/1 | 1.3840 | 49 | 51/13 | 0.0400 |
| 2 | 29 | 0.1780 | 50 | 51/14 | 0.1650 |
| 3 | 30/2 | 0.2190 | 51 | 51/15 | 0.1300 |
| 4 | 30/3 | 0.2230 | 52 | 51/16 | 0.0570 |
| 5 | 30/4 | 0.2190 | 53 | 52/1 | 0.2990 |
| 6 | 31/1 | 0.3040 | 54 | 52/2 | 0.2990 |
| 7 | 31/2 | 0.4050 | 55 | 53/1 | 0.3030 |
| 8 | 31/3 | 0.3040 | 56 | 53/3 | 0.4050 |
| 9 | 31/4 | 0.6680 | 57 | 53/4 | 0.5750 |
| 10 | 31/5 | 0.2830 | 58 | 53/5 | 0.2430 |
| 11 | 32/5 | 0.4850 | 59 | 54 | 0.4450 |
| 12 | 36/1 | 1.3520 | 60 | 56/1 | 0.2950 |
| 13 | 38 | 0.4820 | 61 | 56/2 | 0.1740 |
| 14 | 39/1 | 0.3840 | 62 | 56/3 | 0.5870 |
| 15 | 39/3 | 0.0730 | 63 | 56/4 | 0.2590 |
| 16 | 39/4 | 0.1210 | 64 | 64/1 | 0.0810 |
| 17 | 40/1 | 0.2910 | 65 | 64/3 | . 0.0810 |
| 18 | 40/2 | 0.2920 | 66 | 64/4 | 0.0770 |
| 19 | 41/2 | 0.0440 | 67 | 64/5 | 0.0770 |
| 20 | 41/4 | 0.2020 | 68 | 417/1 | 0.1870 |
| 21 | 41/5 | 0.1010 | 69 | 418/7 | 0.4580 |
| 22 | 42 | 0.0240 | 70 | 418/8 | 0.8090 |
| 23 | 43 | 0.2870 | 71 | 421/1 | 0.4290 |
| 24 | 44/1 | 0.1290 | 72 | 423 | 0.1620 |
| 25 | 44/2 | 0.1290 | 73 | 425 | 0.0650 |
| 26 | 44/3 | 0.1340 | 74 | 426/3 | 0.2020 |
| 27 | 45/1 | 0.5980 | 75 | 426/44 | 0.1820 |
| 28 | 45/2 | 0.5990 | 76 | 426/5 | 0.3440 |
| 29 | 46/2 | 0.3400 | 77 | 428/3 | 0.0380 |
| 30 | 46/3 | 0.3240 | 78 | 431/1 | 0.4580 |
| 31 | 46/4 | 0.4660 | 79 | 434/1 | 0.1130 |
| 32 | 46/5 | 0.4450 | 80 | 434/2 | 0.1010 |
| 33 | 46/6 | 0.2820 | 81 | 434/3 | 0.1900 |
| 34 | 47/1 | 0.6280 | 82 | 434/4 | 0.2060 |
| 35 | 47/2 | 0.6220 | 83 | 435/2 | 0.3040 |
| 36 | 48 | 0.2670 | 84 | 437/7 | 0.0970 |
| 37 | 51/1 | 0.0690 | 85 | 438/1 | 0.2230 |
| 38 | 51/2 | 0.1620 | 86 | 438/4 | 0.1340 |
| 39 | 51/3 | 0.1210 | 87 | 439/2 | 0.0770 |
| 40 | 51/4 | 0.1370 | 88 | 440/2 | 0.0490 |
| 41 | 51/5 | 0.0320 | 89 | 440/3 | 0.3520 |
| 42 | 51/6 | 0.1540 | 90 | 440/4 | 0.1420 |
| 43 | 51/7 | 0.0440 | 91 | 445/1 | 0.0530 |
| 44 | 51/8 | 0.0360 | 92 | 445/2 | 0.0490 |
| 45 | 51/9 | 0.0570 | 93 | 450 | 0.0730 |
| 46 | 51/10 | 0.0850 | 94 | 453/1 | 0.2020 |
| 47 | 51/11 | 0.2260 | 95 | 453/2 | 0.3120 |
| 48 | 51/12 | 0.1120 | 96 | 454/1 | 0.5490 |
| | | | 97 | 455 | 0.2710 |
| | | | | योग | 25.9460 |

**कुल खसरा संख्या-97**
**कुल रकबा- 25.9460 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है। उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुर्नकर निर्धारण बाबत् जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18/09/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्र./6052/अविअ/प्रवा-03/2025 राजनांदगांव, दिनांक 02/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्याणी इस्पात लिमिटेड द्वारा संदीप कुमार मिश्रा पिता सनत कुमार मिश्रा, निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा, पटवारी हलका नंबर 62 खसरा नंबर :-

**ग्राम कोपेडीह**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) |
|---|---|---|
| 1 | 472 | 0.1010 |
| 2 | 15000 | 6.0220 |
| 3 | 15001 | 5.5580 |
| | योग | **11.6810** |

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है। उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुर्नकर निर्धारण बाबत् जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18/09/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दाव/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्र./6074/अविअ/प्रवा-03/2025 राजनांदगांव, दिनांक 02/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कल्याणी इस्पात लिमिटेड द्वारा संदीप कुमार मिश्रा पिता सनत कुमार मिश्रा, निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा, पटवारी हलका नंबर 62 खसरा नंबर :-

**ग्राम अंजोरा**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 16/6 | 0.3800 | 14 | 542 /1 | 0.1670 |
| 2 | 18/2 | 0.2020 | 15 | 542 /4 | 0.1210 |
| 3 | 35/5 | 0.3080 | 16 | 543/1 | 0.0320 |
| 4 | 35/6 | 0.2470 | 17 | 543 /4 | 0.1540 |
| 5 | 39 /2 | 0.1860 | 18 | 548 /2 | 0.0510 |
| 6 | 46/1 | 0.3720 | 19 | 548 /4 | 0.0510 |
| 7 | 50 | 0.6960 | 20 | 550 | 0.7770 |
| 8 | 447 /1 | 0.0570 | 21 | 551/1 | 0.0630 |
| 9 | 448 /1 | 0.1090 | 22 | 551 /4 | 0.0630 |
| 10 | 448 /2 | 0.1340 | 23 | 553/1 | 0.2060 |
| 11 | 448 /3 | 0.2630 | 24 | 553/3 | 0.2110 |
| 12 | 448 /4 | 0.1340 | 25 | 695/1 | 0.1050 |
| 13 | 448 /5 | 0.1050 | 26 | 695/3 | 0.1210 |
| | | | | योग | 5.3150 |

कुल खसरा संख्या-26
कुल रकबा- 5.3150 हेक्टेयर।

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है। उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुर्नकर निर्धारण बाबत् जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18/09/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

# राशन दुकान पर पुरुषों का कब्जा, चावल तस्करी को लेकर महिलाओं में आक्रोश

## महिला समूह ने कलेक्टर से की शिकायत, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

राजनांदगांव (दावा)। स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 की नवनियुक्त राशन दुकान पर महिला स्व सहायता समूह को अधिकार मिलने के बावजूद पुरुषों का दबदबा बना हुआ है। इसको लेकर वार्ड की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज महिलाओं ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और राशन दुकान में चल रहे अनियमितताओं का खुलासा किया।



लक्ष्मी नारायण महिला स्व सहायता समूह को आबंटित की गई राशन दुकान (आई.डी. 421001008) पर महिलाओं की जगह पुरुषों को बैठाए जाने से स्थानीय महिलाएं आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे न केवल उनकी गरिमा और सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि राशन वितरण व्यवस्था भी चरमरा गई है। ज्ञापन में यह भी गंभीर आरोप लगाया गया कि दुकान से खुलेआम चावल की तस्करी की जा रही है। गरीबों के हिस्से का चावल बाजार में बेचा जा रहा है, जबकि जरूरतमंद परिवार राशन के लिए भटक रहे हैं।

महिलाओं ने सवाल उठाया है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कार्य चल रहा है? उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगी। ज्ञापन देने वालों में चेतना साहू, स्वाति शर्मा, सोनिया रजक, रमा साहू, संध्या ऊके सहित वार्ड की कई महिला सदस्य मौजूद रहीं। सभी ने एक स्वर में महिला समूह को पुनः सक्रिय करने और दुकान से पुरुषों को हटाने की मांग की। स्थानीय नागरिक भी स्थिति से चिंतित हैं। उनका कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच पा रहा है और नियमों को ताक पर रखकर चावल की कालाबाजारी की जा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है।

# फाल्गुनी को आईसीएसई बोर्ड द्वारा 0.1 प्रतिशत प्रमाण पत्र मिला



राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल किड्स कॉन्वेंट की होनहार छात्रा फाल्गुनी देवांगन ने अपनी योग्यता से आईसीएसई बोर्ड द्वारा 0.1 प्रतिशत प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। रॉयल किड्स कॉन्वेंट की होनहार छात्रा फाल्गुनी देवांगन ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है।

कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आईसीएसई बोर्ड ने फाल्गुनी देवांगन को 0.1 प्रतिशत प्रमाण पत्र दिया है। यह प्रमाण पत्र उन छात्रों को दिया जाता है जो भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद सीआईएससीई की कक्षा दसवीं में शीर्ष 0.1 प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हैं। फाल्गुनी की इस उपलब्धि के पीछे उनकी शिक्षिका श्रीमती तृप्ति मेश्राम की अहम भूमिका है, जिन्हें इस अवसर पर पुरस्कृत भी किया गया है। फाल्गुनी की इस सफलता से परिवार और शाला में खुशी का माहौल बना रहा।

फाल्गुनी के माता-पिता ने बच्ची की इस उपलब्धि का श्रेय रॉयल किड्स कान्वेंट के प्रिंसिपल अभिषेक खंडेलवाल एवं सभी शिक्षकों को दिया है और सभी शिक्षकों की सराहना की। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती इला सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आईके वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्या एकता खंडेलवाल, उपप्राचार्या ममता मिश्रा, कल्चरल एक्टिविटीज इंचार्ज अपर्णा वर्मा, एचएम सरिता सिंह एवं सभी शिक्षकों ने बच्ची को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## अनमोल दावा

**"रिश्तों में दरार दूर रहने से नहीं बल्कि झूठ बोलने से आती है।"**

## सम्पादकीय

# उपराष्ट्रपति पदः चुनाव में जीत सुनिश्चित थी तो भाजपा 200 करोड़ क्यों खर्च करेगी ?

एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को आसानी से हरा दिया। किन्तु, यह बात विपक्षी खेमे को हजम नहीं हो रही है। इस कारण, भाजपा पर ब्लेकमेलिंग कर और धन बल का उपयोग करके विपक्षी सांसदों को तोड़ने के आरोप लग रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस से लेकर एनसीपी तक के नेताओं में आरोप लगाने की लगता है कि होड़ मची है। विपक्ष क्रास वोटिंग की जांच करने की भी बात कर रहा है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बेनर्जी ने दावा किया है कि भाजपा ने प्रत्येक विपक्षी सांसदों को खरीदने के लिए 15-20 करोड़ रूपए खर्च किए हैं, ऐसा आरोप लगाया है। बेनर्जी को इस बात की जानकारी कहां से हुई? इसे स्पष्ट नहीं किया है। किन्तु, उन्होने यह भी कहा है कि, प्रत्येक पार्टी में से किसने क्रास वोटिंग किया है? इसकी जांच करके बिकाऊ सांसदों को उजागर करना चाहिए। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के अरविंद सावंत ने तो भाजपा पर ब्लेकमेलिंग करने का आरोप लगाया है। सांवत ने सवाल उठाया है कि, जिनके वोट अमान्य किए गए हैं, उन्होंने प्रतीत होता है कि अपनी अंतरात्मा से वोट नहीं किया है। ऐसे ही अमान्य वोट संबंधित सांसदों को खरीदा गया है। भाजपा ने अपनी एजेंसियों के जरिए ब्लेकमेलिंग किया होगा।

कांग्रेस के मनिष तिवारी ने भी उक्त कथन का समर्थन करते हुए कहा है कि क्रासिंग वोटों की जांच इंडिया गठबंधन के सभी पार्टियों को गंभीरता से करनी चाहिए। निःसंदेह, उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में क्रास वोटिंग हुआ है, यह सत्य है। क्योंकि, विपक्ष के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को इंडिया गठबंधन के सांसदों के शतप्रतिशत वोट नहीं मिले है। गत मंगलवार को मतदान में वोट करने के लिए मान्य 788 सांसदों में से 767 याने कि 98.02 प्रतिशत सांसदों ने वोट दिया था। एन.डी.ए. के उम्मीदवार राधाकृष्णन को 452 वोट मिले थे और सुदर्शन रेड्डी को 380 वोट मिले थे। जब कि, 15 वोट अमान्य किए गए थे। राधाकृष्णन ने सुदर्शन रेड्डी को 152 से भारी मतों से हराया था। किन्तु, संसद के दोनों गृहों के समीकरणों पर दृष्टिपात करें तो समझ में आयेगा कि एन.डी.ए. और इंडिया गठबंधन, दोनों में कोई बड़ा अन्तर नहीं है।

एन.डी.ए. के पास लोकसभा में 293 सांसद और राज्यसभा में 129 सांसदो को जोड़कर कुल 422 सांसद हैं। जब कि, विपक्ष के पास याने इंडिया गठबंधन के पास लगभग 325 सांसद हैं। शिरोमणी अकाली दल, बिजू जनता दल और भारत राष्ट्र समिति ने मतदान से अलग रहने की घोषणा की थी। किन्तु, वाय.एस.आर कांग्रेस के 11 सांसदों ने राधाकृष्णन को वोट देनें की घोषणा की थी। जिसके कारण एन.डी.ए. के पास 433 वोट थे। जिसके विरूद्ध एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 452 वोट मिले थे। याने कि 19 वोट अधिक मिले। ये मिलने वाले अधिक वोट कहीं से टपके नहीं हैं। क्यों कि, विपक्षी उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को जितने वोट विपक्षी दलों के पास थे, उससे 25 वोट कम मिले हैं। कुल 15 मतों को अमान्य किया गया। इसको ध्यान में रखें तो भी रेड्डी को मिले 300 वोट विपक्षियों की ताकत से कम मिले हैं। इस कारण यह तो तय है कि क्रास वोटिंग हुआ है।

अटकलों के चलते इंडिया गठबंधन के 14 सांसदों ने क्रास वोटिंग किया है। फलस्वरूप, रेड्डी के बदले राधाकृष्णन को उन्होने वोट दिए थे, ऐसा समझा जा सकता है। इसी कारण से भाजपा ने सांसदों की खरीदफरोख्त की है, ऐसे आरोप उस पर लग रहे हैं। अभिषेक बेनर्जी से शिवसेना के अरविंद सांवत ने जो आरोप लगाए हैं, वह अधिक तर्क संगत लगते हैं। सावंत ने कहा था कि, भाजपा ने एजेंसियों का उपयोग करके विपक्षी सांसदों को ब्लेकमेल किया है। जिसके कारण, उन्होंने भाजपाा उम्मीदवार को वोट दिए होंगे। वैसे, इस बात का कोई आधार नहीं है, किन्तु अल्प अंश पर यह बात गले उतर सकती है। भाजपा के ट्रेक रिकार्ड को देखें तो ऐसा समझ में आता है। किन्तु, भाजपा ने सांसदों की खरीदीफरोख्त की है, यह बात गले नहीं उतर रही है। वैसे, उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में व्हीप लागू नहीं पड़ता। मतदान को भी पूर्णतः गुप्त रखा जाता है। किस सांसद ने किसको वोट दिया? किन परिस्थितियों में क्रास वोटिंग की? इसकी जानकारी लेना टेढ़ी खीर होने जैसा है।

# आजाद भारत के पहले संन्यासी सांसद स्वामी ब्रह्मानंद जी



**विष्णु लोधी**

**स्वामी ब्रह्मानंद ने समाज सुधार के लिए अने कार्य किए। देश की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर कई आंदोलनों में जेल काटी। आजादी के बाद देश की राजनीति में भी उनका खासा योगदान रहा है। स्वामी जी ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही कार्य किए। समाज के लोगों को शिक्षा की ओर ध्यान देने का आहवान किया। स्वामी ब्रह्मानंद महाराज का जन्म चार दिसंबर, 1894 को उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले की राठ तहसील के बरहरा गांव में साधारण किसान परिवार में हुआ था। स्वामी ब्रह्मानंद के पिता का नाम मातादीन लोधी तथा माता का नाम जशोदाबाई था। स्वामी ब्रह्मानंद के बचपन का नाम शिवदयाल था। स्वामी ब्रह्मानंद ने बचपन से ही समाज में फैले हुए अंधविश्वास और अशिक्षा जैसी कुरीतियों का डटकर विरोध किया। वे आजाद भारत के पहले संन्यासी सांसद थे। 24 वर्ष की आयु में साधु स्वामी ब्रह्मानंद जी की प्रारम्भिक शिक्षा हमीरपुर में ही हुई।**

इसके पश्चात् स्वामी ब्रह्मानंद जी ने घर पर ही रामायण, महाभारत, गीता, उपनिषद और अन्य शास्त्रों का अध्ययन किया।

इसी कारण लोग उन्हें स्वामी ब्रह्मानंद से बुलाने लगे। कहा जाता है कि बालक शिवदयाल के बारे में संतों ने भविष्यवाणी कि थी कि यह बालक या तो राजा होगा या प्रख्यात संन्यासी। बालक शिवदयाल का रुझान आध्यात्मिकता की तरफ ज्यादा होने के कारण पिता मातादीन लोधी को डर सताने लगा कि कहीं वे साधु न बन जाएं। इस डर से मातादीन लोधी ने स्वामी ब्रह्मानंद का विवाह सात वर्ष की उम्र में हमीरपुर के ही गोपाल महतो की पुत्री राधाबाई से करा दिया। आगे चलकर राधाबाई ने एक पुत्र और एक पुत्री को जन्म दिया। लेकिन स्वामी जी का चित्त अब भी आध्यात्मिकता की तरफ था। स्वामी ब्रह्मानंद जी ने 24 वर्ष की आयु में पुत्र और पत्नी का मोह त्याग गेरुए वस्त्र धारण कर परम पावन तीर्थ स्थान हरिद्वार में भागीरथी के तट पर ''हर की पैड़ी'' पर संन्यास की दीक्षा ली। संन्यास के बाद शिवदयाल लोधी संसार में ''स्वामी ब्रह्मानंद'' के रूप में प्रख्यात हुए।



**आज पुण्यतिथि पर विशेष**

### महात्मा गांधी से संपर्क

संन्यास ग्रहण करने के बाद स्वामी ब्रह्मानंद ने सम्पूर्ण भारत के तीर्थ स्थानों का भ्रमण किया। उनका अनेक महान साधु संतों से संपर्क हुआ। इसी बीच उन्हें गीता रहस्य प्राप्त हुआ। पंजाब के बटिंडा में स्वामी ब्रह्मानंद जी की महात्मा गाँधी जी से भेंट हुई। गाँधी जी ने उनसे मिलकर कहा कि अगर आप जैसे 100 लोग आ जायें तो स्वतंत्रता अविलम्ब प्राप्त की जा सकती है। स्वामी ब्रह्मानंद ने पंजाब में अनेक हिन्दी पाठशालाएं खुलवायीं और गौवध बंदी के लिए आंदोलन चलाये। अनेक सामजिक कार्य किये।

स्वामी जी सन् 1921 में गाँधी जी के संपर्क में आकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। स्वतंत्रता आन्दोलन में भी स्वामी ब्रह्मानंद जी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 1928 में गाँधी जी स्वामी ब्रह्मानंद के प्रयासों से राठ पधारे। 1930 में स्वामी जी ने नमक आंदोलन में हिस्सा लिया। इस बीच उन्हें दो वर्ष का कारावास हुआ। उन्हें हमीरपुर, हरदोई और कानपुर की जेलों में रखा गया।

### आजादी के आंदोलन में जेल

स्वामी ब्रह्मानंद ने पूरे उत्तर भारत में अग्रेजों के खिलाफ लोगों में अलख जगाई। स्वतंत्रता आन्दोलन के समय स्वामी जी का नारा था उठो! वीरो उठो! दासता की जंजीरों को तोड फेंको। उखाड़ फेंको इस शासन को। एक साथ उठो। आज भारत माता बलिदान चाहती है। उन्होंने कहा था कि दासता के जीवन से मृत्यु कही श्रेयस्कर है। बरेली जेल में स्वामी ब्रह्मानंद की भेंट पंडित जवाहर लाल नेहरू जी से हुई। जेल से छूटकर स्वामी ब्रह्मानंद शिक्षा प्रचार में जुट गए। स्वामी जी ने सम्पूर्ण बुन्देलखंड में शिक्षा की अलख जगाई आज भी उनके नाम से हमीरपुर में डिग्री कॉलेज चल रहा है। जिसकी नींव स्वामी ब्रह्मानंद ने 1938 में ब्रह्मानंद विद्यालय के रूप में रखी। 1942 में स्वामी जी को पुनः भारत छोडडो आंदोलन में जेल जाना पड़ा। 1956 में स्वामी ब्रह्मानंद को अखिल भारतीय साधु संतों के अधिवेशन में आजीवन सदस्य बनाया गया और उन्हें कार्यकारिणी में भी शामिल किया गया। इस अवसर पर देश के प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद सम्मिलित हुए।

### गौहत्या के खिलाफ आंदोलन

1966 में गौहत्या निषेध आंदोलन में स्वामी ब्रह्मानंद ने 10-12 लाख लोगों के साथ संसद के सामने आंदोलन किया। गौहत्या निषेध आंदोलन में स्वामी ब्रह्मानंद को गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया। तब स्वामी ब्रह्मानंद ने प्रण लिया कि अगली बार चुनाव लड़कर ही संसद में आएंगे। स्वामी ब्रह्मानंद भारत के पहले सन्यासी थे जो आजाद भारत में सांसद बने एवं जिन्होंने बुंदेलखंड की अशिक्षा एवं पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सशक्त कदम उठाए। जेल से मुक्त होकर स्वामी जी ने हमीरपुर लोकसभा सीट से जनसंघ से 1967 में चुनाव लड़ा और भारी मतों से जीतकर संसद भवन पहुंचे। स्वामी जी 1967 से 1977 तक सांसद रहे। देश की संसद में स्वामी ब्रह्मानंद जी पहले वक्ता थे जिन्होंने गौवंश की रक्षा और गौवध का विरोध करते हुए संसद में करीब एक घंटे तक अपना ऐतिहासिक भाषण दिया था। 1972 में स्वामी जी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के आग्रह पर कांग्रेस से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और राष्ट्रपति वीवी गिरि से स्वामी ब्रह्मानंद के काफी निकट संबंध थे।

### पैसा न छूने का प्रण आजीवन निभाया

स्वामी जी की निजी संपत्ति नहीं थी। संन्यास ग्रहण करने के बाद उन्होंने पैसा न छूने का प्रण लिया था और इस प्रण का पालन मरते दम तक किया। स्वामी ब्रह्मानंद अपनी पेंशन छात्र-छात्राओं के हित में दान कर दिया करते थे। समाज सुधार और शिक्षा के प्रसार के लिए उन्होंने अपना जीवन अर्पित कर दिया। वह कहा करते थे मेरी निजी संपत्ति नहीं है, यह तो सब जनता की है। कर्मयोगी शब्द का जीवंत उदाहरण यदि भारत देश में है तो स्वामी ब्रह्मानंद का नाम अग्रिम पंक्ति में लिखा है। कर्म को योग बनाने की कला अगर किसी में थी तो वो स्वामी ब्रह्मानंद ही थे। हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ने वाले बुन्देलखण्ड के मालवीय नाम से प्रख्यात, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, त्यागमूर्ति, सन्त प्रवर, स्वामी ब्रह्मानंद ऑ 13 सितम्बर 1984 को ब्रह्मलीन हो गए। लेकिन उनका जीवन और शिक्षाएं आज भी हमें राह दिखाती हैं।

**वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कोषाध्यक्ष**
**प्रदेश लोधी समाज, डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

## विचार सरिता

# मीडिया समुद्र से; जिसे मन स्वीकारे-वह सुख, न स्वीकारे-वह दुख

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज सोशल मीडिया में दो पंक्तियाँ पढ़ने को मिलीं। इसमें लेखक का नाम नहीं था। अतः उस अज्ञात लेखक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन पंक्तियों को प्रस्तुत कर रहा हूँ-

सुख और दुःख में ज्यादा भेद नहीं, जिसे मन स्वीकारे, वह सुख और जिसे अस्वीकारे, वह दुःख।

वास्तव में सुख और दुख के मापदंड का निर्धारण अत्यंत कठिन है। एक व्यक्ति के लिए सुख की परिभाषा अलग हो सकती है तो दूसरे व्यक्ति के लिए उससे और अलग। यह भी कहा जा सकता है कि हर व्यक्ति की सुख की परिभाषा अलग- अलग होती है।

महर्षि वेदव्यास ने महाभारत में लिखा है, नास्ति रागसमं दुखं नास्ति त्याग समं सुखम्। (राग के समान कोई सुख नहीं है और त्याग के समान कोई दुख नहीं है।)

वास्तव में आसक्ति ही सुख की प्रतीति कराता है। जो वस्तु हमें प्रिय है, हम उसे प्राप्त करना चाहते हैं। जो वस्तु हमें प्रिय नहीं है, उसकी ओर हमारा ध्यान नहीं जाता है। जीवनोपयोगी अनिवार्य आवश्यकताओं को छोड़कर शेष चीजों और विशेष रुप से सुख सुविधाओं के साधनों को प्राप्त करने का उद्यम आसक्ति ही है। जीवन में सहजभाव से जो प्राप्य है, वह भी स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन तभी, जब उसके प्रति आसक्ति भाव न हो और उसके छूटने पर मन में दुःख न हो। सुख मानव मन की वह अवस्था है, जब हम विपरीतता, कष्ट और कठिनाई को भी स्वीकार कर आनंदित रहते हैं।

## कविता

### ॥सलीका कैसा है॥

माथे पर कोई अपनी, डिग्री लिखाता नहीं।
मैं संस्कारी हूँ ऐसा कोई खुद को बताता नहीं॥
आपके आचार विचार ही, आपको जताते हैं।
आपकी परवरिश सही हुई है ये बताते हैं ॥
बैठने उठने और बात करने का तरीका कैसा है।
तहज़ीब और सम्मान का सलीका कैसा है॥
आप कैसे खड़े होते हो कैसे चलते हो कैसे बोलते हो।
आपको नहीं पता कि इनसे दूसरों की नज़रों से खुद को तोलते हो।
बड़ों और छोटों को सम्मान और प्यार आपके संस्कार बताते हैं।
अच्छे आचरण/दया आपके जीवन मूल्य का आधार बताते हैं॥
आपका व्यवहार आपकी पीढ़ीयां को बताता है।
मुफ्त की सफलता है या घिसे जूते, सीढ़ीयां बताता है॥
कोई पूछता नहीं आपकी डिग्री और कितनी है दौलत।
कमाई यही है कि मां-बाप जाने जायें आपकी बदौलत॥
हरकतों से मां बाप को न रुसवा कीजिये।
जनम घुट्टी के साथ मिले हैं संस्कार बता दीजिये॥
पढ़े-लिखे होने और सही परवरिश का तो अवश्य सबूत होगा।
गर नींव सही डली है तो साहब,
भवन जरुर मजबूत होगा॥

**सुषमा शुक्ला**
**'अंशुमन', राजनांदगांव**

## कविता

### गरजो

गुस्सा आ रहा है तो गरजो
इस कठिन समय पर
असहिष्णु होते मनुष्य पर
व्यवस्था पर, सत्ता पर
आततायी पर गरजो अपनी बेड़ीयां काट कर
पहाड़ से गिरकर जैसे झरने गरजते हैं
नदियां गरजती हैं बाढ़ में
घनीभूत होकर गरजते हैं मेघ
जैसे समुद्र गरजते हैं अपनी रौ में
गरजो जैसे शेर गरजता है वन में
दौड़ता है लहू तन में
जैसे इंक़लाबी गरजता है गुलाम वतन में
गरजो मजलूमों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ़
गरजो मजदूरों के हक़ के लिए
गरजो किसी निर्भया की अस्मत बचाने
गरजो ग़लत फैसलों के खिलाफ़
गरजो, गरज पड़ने पर नहीं
स्वभावतः गरजो ।

**मोहन खगोरिया**

## सामयिक चर्चा

### पहले पुलिस से, सरकार से कहिए

बानी बोले- ''गजाधर !
गणेश विसर्जन के दिन हुए
चाकूबाजी की घटना से हुई
एक युवक की मौत पर
दुख प्रगट करते हुए
हमारे राजनांदगांव के विधायक
और विधानसभा अध्यक्ष
डॉ. रमन सिंह ने कहा कि
राजनांदगांव अपनी शान्ति और
सौहर्दपूर्ण माहौल के लिए जाना जाता है
जिसे संस्कारधानी भी कहा जाता है
उक्त घटना के संदर्भ में उन्होंने कहा है
कि नशे का कारोबार
शहर में अपने पैर पसार रहा है।
इस पर लगाम कसने के लिए
आने-जाने वालों पर कड़ी निगरानी,
सीसी टीवी कैमरे लगाने,
और पुलिस के माध्यम से शराबियों,
जुआड़ियों और नशा कारोबारियों पर,
शिकंजा कसने का निर्देश दिया।
गजाधर! अब, आपकी प्रतिक्रिया ?''
बोले गजाधर मुस्कराकर - ''बानी!
हमने नशाबंदी पर जब
एक नशेड़ी युवक से प्रश्न किया,
तो उसने क्रोधात्मक स्वर में उत्तर दिया -
''जाइए! पहले अपनी पुलिस को
चुस्त दुरूस्त और ईमानदार बनाइए!
और फिर अपनी सरकार से
शराब बेचना बन्द कराइए!''



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल



**मेष**
कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।



**वृष राशि**
आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।



**मिथुन**
दूसरों की बात इधर से उधर न करें, अन्यथा छवि कुप्रभावित हो सकती है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में मधुरता कायम रखें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।



**कर्क**
किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। रोजगार में आ रही समस्याओं से हतोत्साहित न हों।



**सिंह**
असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। अतः इसे सुधारें। राजनीतिज्ञों की व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ मिलेगा। अच्छी अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।



**कन्या**
बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।



**तुला**
नैतिक-अनैतिक के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। आर्थिक प्रगति के लिए मन केंद्रित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलें।



**वृश्चिक**
आर्थिक सुदृढ़ता हेतु मन प्रयत्नशील होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।



**धनु**
नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन भी संभव। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। दूसरों की सफलता देख अपने अन्दर हीन भावना न आने दें।



**मकर**
प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।



**कुंभ**
परिजनों की छोटी-छोटी बातों का बुरा न माने। रोजगार में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में कोई निर्णय न लें। आपकी सारी समस्याएं खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ा धैर्य पूर्वक वक्त का इंतजार करें।



**मीन**
ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

## कविता

### अंदाज भी नहीं था उसे खुद उड़ान का

अंदाज भी नहीं था उसे खुद उड़ान का,
अब वो जमीन का भी नहीं आसमान का।
यूं टूटता रहा हूं यहां रोज-रोज मैं,
जैसे कि वायदा हूं किसी बेइमान का।
लड़ता है रोज भाई सदा भाई से यहां,
समझेगा दर्द कौन भला हिन्दोस्तान का।
केशर का रंग इतना कहां सुर्ख था कभी,
क्यो लाल हो गया है रंग जाफरान का।
बस प्यार की जुबां है मुहब्बत की बात है,
लहजा कहां अलग सा है गीता-कुरान का।
पहले भी लोग खुद को खुदा मानते रहे,
लेकिन निशां कहां है किसी बदगुलाम का।
अब हाल बुजुर्गो का हुआ इस तरह यहां,
जैसे नये शहर में पुराने मकान का।
परदेश में मिला जो मुझे शख्स हमजुबां,
ऐसा लगा मिला हो खजाना जहान का।
पर्चे दिये बिना भी वो अव्वल रहे यहां,
ये कायदा रहा है यहां इम्तिहान का।



**अशोक शर्मा**
**मो. 9425215981**

# छुरिया नगर में अवैध शॉपिंग काम्पलेक्स में निर्माण कार्य फिर शुरू

### न्यायालय के आदेश की अवहेलना

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं तहसीलदार छुरिया की मौन स्वीकृति



छुरिया (दावा)। नगर पंचायत छुरिया में हर दिन कोई न कोई घटना होना कोई नई बात नहीं है, हमेशा ही नगर पंचायत छुरिया सुर्खियों में रहना आम बात हो गया है। सन् 2020-21 का मामला है जिसमें छुरिया चिचोला मेन रोड़ में शासकीय जमीन पर 4 दुकानों का अवैध शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा था, जिस पर न्यायालय के द्वारा स्थगन आदेश भी लगा हुआ है, पर फिर से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। न्यायालय के आदेश में स्पष्ट रूप से इस निर्माण कार्य को रोकने का आदेश है लेकिन तहसीलदार छुरिया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी छुरिया की मौन स्वीकृति के चलते इस शापिंग काम्पलेक्स में निर्माण कार्य समय-समय पर रात के अंधेरे में करना एक आम बात हो गई है, आज तो दिन दहाड़े ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

तहसीलदार छुरिया को फोन लगाने पर पटवारी को मौके पर भेजने की बात कही। आखिर अवैध निर्माण कार्य करने वाले के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं समझ से परे है, क्या राजनैतिक संरक्षण मिला हुआ है खुलेआम दादागिरी का खेल चल रहा है। क्या आज कानून व्यवस्था इतनी चरमरा गई है कि अवैध निर्माण कार्य को रोक सकने में असमर्थ दिखाई दे रहा है। यदि हर कोई इस तरह से अवैध निर्माण करते जायेगा तो फिर कैसी कानून व्यवस्था बरकरार रहेगी। राजनीतिक बल या धन बल के दम पर आखिर ऐसी कानूनी की धज्जियां उड़ाने वालों पर शासन प्रशासन कार्यवाही क्यों नहीं कर पा रहा है या कार्यवाही करने से बच रहा है, आम आदमी के समझ में नहीं आ रहा है। यदि इस प्रकार के अवैध निर्माण करने वाले कानून से भी बड़े हो जायेंगे तो फिर हर कोई इस तरह से सरकारी जमीन पर कब्जा करते जायेगा तो कानून व्यवस्था का क्या हाल होगा।

इस प्रकार से अवैध निर्माण करने वालों पर शक्त से शक्त कार्यवाही होना बहुत ही आवश्यक है। जिससे भविष्य में इस प्रकार की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके जमीन हथियाने का हथकंडा अपनाने वालों पर शिकंजा कसने की कार्यवाही जरूरी है। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके हथियाने के इस प्रकरण में न्यायालय तहसीलदार छुरिया के पास राजस्व प्रकरण क्रमांक 202101090200024 सन 2020-21 विषय अ-68 (अनाधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा करने या रखने वाले व्यक्तियों की बेदखली और उन पर शास्ति का लगाया जाना) वाद भूमि तहसीलदार छुरिया ग्राम छुरिया कला (प.ह.न. 00020 ) खसरा 57/1 (0.6760), 477 (5.9170) का मामला है, जिसमें अनावेदक द्वारा अधिकांश प्रकरण की पेशी में उपस्थित नहीं होने का मामला ज्यादा दिखाई दे रहा है। जानबूझकर प्रकरण पेशी में उपस्थित न होकर मामले को लंबा खींचने की बात साफ दिखाई दे रही है।

इस आदेश में अनावेदक को बेदखली की कार्यवाही करने की पूरी बात स्पष्ट रूप से लिखी गई उसके बावजूद भी अनावेदक द्वारा इस अवैध निर्माण को रोकने की बजाय इस पर अभी तक कब्जा करके निर्माण कार्य किया जा रहा है। यदि अतिक्रमणकारियों की इसी तरह की अवैध कब्जा करने की कार्यवाही चलती रहेगी तो वो दिन दूर नहीं जब सारी की सारी सरकारी जमीन पर आम लोगों द्वारा कब्जा किया जाने लगेगा। अतः इस मामले से संबंधित सभी उच्चाधिकारियों से निवेदन है कि इस अवैध कब्जे के मामले को शीघ्र ही नहीं निपटाया जायेगा तो भविष्य में अवैध कब्जा करने वालों की बाढ़ सी आ जायेगी। कलेक्टर से भी निवेदन है कि इस मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही करने की अपील है।

# सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य सेवा, सहयोग और संवेदना के भाव को जन-जन तक पहुँचाना है - खूबचंद पारख

### सेवा भावना से कार्य करने से, समाज में एकता, सद्भावना और प्रगति के द्वार खुलते हैं- पारख



डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला बैठक लाल बहादुर नगर में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख उपस्थित हुए। श्री पारख ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को बुथ स्तर तक मनाने विस्तार से जानकारी दिया। श्री पारख ने इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ जैसे स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पौधारोपण, रक्तदान, शिक्षा और जन जागरूकता के कार्य करने के लिए निवेदन किया। श्री पारख ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम न केवल लोगों की मदद करते हैं, बल्कि समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में योगदान भी देते हैं। कार्यक्रम के जिला सह संयोजक जैन कुमार मेश्राम ने उद्बोधन में कहा कि सेवा का भाव ही सच्चे जीवन का आधार है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे महामंत्री हेमलाल वर्मा ने उपस्थित सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं को बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 20 सितंबर को लाल बहादुर नगर में खण्ड स्तरीय मेघा स्वास्थ्य शिविर एवं विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हो रहा है जिसे सफल बनाने के लिए आप सभी सहयोग करेंगे और जो व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए हेलमेट भेंट किया जाएगा। मंडल कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख जिला सह संयोजक जैन कुमार मेश्राम, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, जिला पंचायत सभापति श्रीमती अनिता मंडावी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष छबीधर साहू, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहू, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा एवं कैलाश ऊके, पूर्व महामंत्री रामाधीन देवांगन, सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## पहला कॉलम...

### सरपंच से लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के मोहारा चौकी पुलिस ने



अपने चौकी क्षेत्र के सरपंच के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। मोहारा चौकी प्रभारी ढाल सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ उनके द्वारा चौकी क्षेत्र में अपराध के रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने रामेश्वर गोड़ पिता शिवलाल गोड़ उम्र 27 साल निवासी पारसबोड को, ग्राम पंचायत दैहान के सरपंच गुलशन नागवंशी के साथ वाद विवाद कर शांति व्यवस्था भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना होने पर उसके खिलाफ धारा-170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया और कार्यपालिक दंडाधिकारी डोंगरगढ़ के समक्ष पेश करने पर वहां से उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

### ठेलकाडीह थाने में दी गई सख्त चेतावनी और नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में लिखवाकर दिया सबक

ठेलकाडीह (दावा)। नशे व नशेबाजों के विरुद्ध चलाई गई सख्त



मुहीम में शुक्रवार 12 सितंबर 2025 को तिसरे दिन जिला के.सी.जी. पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर घूमने एवं हल्लागुल्ला/हुड़दंग करने वाले 30 से भी अधिक लोगों की थाना ठेलकडीह में परेड कराकर सख्त चेतावनी दी गई और नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में निबंध लिखवाकर नशा छोड़ने हेतु सबक सिखाया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने व साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत भी दी गई। पूर्व दिवस में थाना खैरागढ़ व गंडई में भी इसी प्रकार की कार्यवाही की गई थी। सम्पूर्ण जिला केसीजी में नशाखोरी के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही आम नागरिकों से भी नशामुक्त शहर बनाने हेतु अपील की जाती है।

### आज अर्जुनी में कबड्डी में चयन के लिए ट्रायल

डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक कबड्डी संघ डोंगरगांव के द्वारा 13 सितंबर शनिवार सुबह 11 बजे ग्राम अर्जुनी के हाईस्कूल मैदान में सब जूनियर, जूनियर-सीनियर वर्ग के बालक/बालिकाओं का जिला ट्रायल में ले जाने हेतु कबड्डी ट्रायल रखा गया है। जिसमें सब जूनियर वर्ग में 16 वर्ष से कम एवं जूनियर वर्ग में 19 वर्ष से कम के खिलाड़ी हिस्सा सकते हैं। संघ के अध्यक्ष मेहेतराम साहू ने बताया कि प्रति खिलाड़ी हेतु 30 रुपये शुल्क रखा गया हैं तथा उन्हें अपने साथ 10वीं की अंकसूची और आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना आनिवार्य है।

### गतका के फारी सोटी टीम इवेंट में बेलगांव के छात्र करण ठाकुर ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। 25वीं शालेय राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता राजनांदगांव में गतका के फारी सोटी टिम इवेंट में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव के छात्र करण ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। करण ठाकुर की इस उपलब्धि पर, ग्राम पंचायत के सरपंच कौशल चंद्रवंशी एवं सभी पंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं उप सरपंच योगेश साहू पूर्व सरपंच छबील साहू, नीरज शर्मा व शाला की प्राचार्या श्रीमती कालिंदी तिवारी, कक्षा शिक्षक सहित सभी स्टाफगण सभी ग्रामवासी एवं डोंगरगढ़ ब्लॉक के क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर एवं वरिष्ठ पीटीआई राणा अजय सिंह, बाबूराव जनबंधु द्वारा शुभकामनाएं दी है। यह जानकारी व्यायाम शिक्षक तरुण कुमार वरकड़े से प्राप्त हुई।

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में हिंदी पखवाड़े का हुआ शुभारंभ



खैरागढ़ (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 12 सितंबर को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय में 12 से 26 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवधि में विद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए काव्य पाठ प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, हिंदी कार्यशाला, पुस्तक प्रदर्शनी, राजभाषा ज्ञान प्रश्नोत्तरी समेत अनेक आयोजन होंगे और विशेष रूप से कार्यालय के कार्य में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने का प्रयत्न किया जाएगा। उद्घाटन दिवस पर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम कक्षा आठवीं अ की छात्रा आराध्या चंद्राकर ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए हिंदी अध्यापक घनश्याम गिरिया ने एक सरस और रोचक कविता पाठ किया। संस्कृत शिक्षक सुदीप आर्य ने हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए एक प्रभावी कविता प्रस्तुत की। हिंदी शिक्षक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने हिंदी दिवस के आयोजन की पृष्ठभूमि और हिंदी पखवाड़े में विद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। आज की प्रार्थना सभा की विशेष प्रस्तुति में कक्षा तीसरी ब के विद्यार्थियों ने अपने कक्षा शिक्षक तुषार नागदेवे के निर्देशन में हिंदी की संवैधानिक स्थिति और इसके महत्व पर आधारित एक शिक्षाप्रद नृत्य नाटिका की सराहनीय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी शिक्षिका सुश्री गीतांजलि ने किया।

# वोट चोर गद्दी छोड़, प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल हुए कांग्रेस नेता नदीम मेमन और विधायक प्रतिनिधि यतेंद्रजीत सिंह



खैरागढ़ (दावा)। वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदेश स्तरीय आंदोलन में की शुरुआत न्यायाधानी बिलासपुर से की गई। जिसमें खैरागढ़ से कांग्रेस नेता केसीजी जिले के युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष व एनसीडब्ल्यू के प्रदेश अध्यक्ष नदीम मेमन और केसीजी जिले के छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र के जिला अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू' अपनी टीम के साथ शामिल हुए। न्यायधानी बिलासपुर में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के इस आंदोलन में उन्होंने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा भी की। आंदोलन में नदीम मेमन के साथ केसीजी जिला अध्यक्ष असंगठित क्षेत्र व विधायक प्रतिनिधि यतेंद्रजीत सिंह 'छोटू', सचिव सूरज महिलकर, नजीम हुसैन, समीर सिंह, कुणाल वैष्णव, लीमांशु वर्मा, राजा निषाद, भरत वर्मा, पुरन यादव, विक्रम देवांगन सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं के जोश और उपस्थिति ने आंदोलन को और मजबूती दी।

### जनता के साथ वादाखिलाफी करने वाली सरकार को अब गद्दी पर बने रहने का हक नहीं

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश नेताओं ने जिसमें छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डीप्टी सीएम टीएस बाबा, नेताप्रतिपक्ष चरण दास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिपक बैज, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक तखतपुर रश्मि सिंह, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, डोगरगढ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ वादाखिलाफी करने वाली सरकार को अब गद्दी पर बने रहने का हक नहीं है। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनावी वादों से मुकरकर आम जनता को धोखा दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। युवाओं और जनता के सहयोग से आंदोलन को जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा।

# नगर विकास समिति का गठन, घुमका के विकास के लिए करेगी काम



घुमका (दावा)। घुमका नगर के युवाओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 'नगर विकास समिति' का गठन किया है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य नगर की मूलभूत समस्याओं को दूर करना और इसके विकास के लिए हर संभव प्रयास करना है। समिति के संरक्षक पीयूष दुबे ने बताया कि यह समिति जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए अपनी आवाज बुलंद करेगी।

नगर पंचायत प्रांगण में हुई बैठक में नगरवासियों ने सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चुनाव किया। गंगेश्वर वर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जबकि गौरव शर्मा और राजेश पटेल उपाध्यक्ष बने। सीएल आडिल को कोषाध्यक्ष, सौरभ राजपूत को सचिव और तामेश्वर यादव को सह-सचिव चुना गया। पीताम्बर निषाद को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। समिति के संरक्षक मंडल में पीयूष दुबे, दिलीप पटेल, डिलेश्वर वर्मा, जयकुमार वर्मा, नोहेन्द्र सिन्हा, खेमचंद पप्पू वर्मा, नवनीत सिंह चन्देल, और जीवेंद्र दुबे शामिल हैं। इसके अलावा, युवराज चंदेल, कैलाश बघेल, बालेश्वर वर्मा, नरेंद्र वर्मा, रुसुम वर्मा, मोहन वर्मा, महेश छोटू वर्मा, प्रकाश वर्मा, दिलीप वर्मा सहित कई अन्य सदस्य भी समिति में शामिल हैं। समिति के गठन के तुरंत बाद उन्होंने नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ज्ञानेश्वर देवदास को एक ज्ञापन सौंपा। समिति ने ज्ञापन में इन समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण की मांग की है।

# डोंगरगढ़ रेलवे हॉस्पिटल को एंबुलेंस की सौगात

## इमरजेंसी सेवा का निःशुल्क लाभ मिलेगा रेल कर्मचारियों को - शाखा सचिव अनिल पोद्दार

डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस की बहुत पुरानी मांग को आज रेल प्रशासन द्वारा पूरी की गई। शुक्रवार को रेलवे हॉस्पिटल डोंगरगढ़ को एंबुलेंस प्राप्त हुआ।



शाखा सचिव अनिल पोद्दार ने बताया कि यह हमारी मांगे लगभग 7-8 सालों से चल रही थी कि रेलवे हॉस्पिटल में एक एंबुलेंस की व्यवस्था हो जब किसी रेल कर्मचारियों को आवश्यकता होती थी एंबुलेंस की तो उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता था। परंतु आज रेल प्रशासन ने इस पुरानी मांगों को पूरा करते हुए एक एंबुलेंस अस्पताल में आ गया है।

इस पर शाखा सचिव अनिल पोद्दार ने बताया कि यह एंबुलेंस रेल कर्मचारी के लिए पूरी तरह से फ्री एंड कॉस्ट रहेगा किसी भी कर्मचारी को 1 रूपये देने की जरूरत नहीं है रेलवे कर्मचारियों के लिए 24 घंटे तैयार रहेगा। ये इमरजेंसी केस के लिए यह एंबुलेंस को रखा गया है। इस एंबुलेंस को दिलाने में मजदूर कांग्रेस के पूर्व संयोजक एवं महामंत्री मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के पीतांबर लक्ष्मी नारायण नागपुर मंडल के मंडल संयोजक इंदल दमाहे डोंगरगढ़ शाखा के प्रभारी एवं केंद्रीय पदाधिकारी कालूराम मीणा एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी ने अपने प्रयास से यह एंबुलेंस दिलाया इसके लिए शाखा डोंगरगढ़ इन सभी का आभार व्यक्त करता है।

# बढ़ती आबादी के साथ विलुप्त होने लगे परिन्दे, गौरैया



गंडई पंडरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ में गौरैया पक्षी को मुख्य रूप से गुढ़रिया या ब्राह्मण चिरई नाम से भी जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, इसे स्थानीय बोलियों में गौरेला या गोटेला भी कहे जाते है।

गौरैया एक सामान्य छोटी पक्षी है, जो घर, आंगन में दिन भर चहचहाते हुए मनुष्यों के बीच रहने वाली पक्षी है, जो वर्तमान समय में नजर ही नहीं आ रही है। पक्षियों की लगातार घटती संख्या एक चिंता का विषय है। गौरैया की संख्या में भारी कमी आई है, जिसका मुख्य कारण शहरीकरण, जहरीले रसायनों का प्रयोग।

पक्षी जहां आसमान में उडते हुए भी प्यार का संदेश देते है, वही इस तकनीकी, कम्प्यूटर व फेसबुक तथा व्हाटसेप के युग में पक्षियों की गौर करने वाला कोई नही है। वैसे तो ग्राम सभा से लेकर, नगर, शहर और जिले स्तर पर जीव वित्ता कोष बनाकर केन्द्र से प्रदेश सरकारों द्वारा पक्षियों को बचाने के लिए अनेकों योजनाऐं बनाई गई, लेकिन अधिकारियों की मोनिटरिंग न होने से इस ओर कोई ध्यान नही है। जिस कारण हजारों की संख्या में आसमान में उडते दिखाई देने वाली पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होती जा रहे है। यह एक छोटी, सुंदर और हमारे आंगन में चहचहाने वाली सामान्य पक्षी है। गौरैया एक समय में हमारे आस-पास बहुत आम दिखने वाली चिड़िया थी, लेकिन बीते कुछ वर्षों में गौरैया की संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है। गौरैया की संख्या में गिरावट का कारण तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण पेड़-पौधे और खुले स्थान कम होना, कीटनाशकों व रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण गौरैया पक्षी का प्राकृतिक भोजन कीट, बीज आदि खत्म हो गया है। मोबाईल टावर से निकलने वाली तरंगों का असर गौरैया जैसे छोटे पक्षियों की नेविगेशन क्षमता और प्रजनन पर पड़ा है। आधुनिक निर्माण के कारण नए घरों में खिड़की, रोशनदान, झरोखे आदि खत्म हो रहे है, जहां गौरैया घोंसला बनाती थी। इन्हीं कारणों से इसके दिखाई देने में भारी गिरावट आई है। गंगा यमुना के बीच रहने वाली हजारों की संख्या में दिखने वाली गौरैया शहरों में कम होती जा रही है, जो एक चिंता का विषय है। आधुनिक युग में बहुमंजिला इमारतों के बीच गौरैया को रहने के लिए जगह नही मिल पाती है।

गौरैया मनुष्य के आस-पास रहना पसन्द करती है। बढ़ते प्रदूषण और रेडिएशन प्रकृति और मानव के ऊपर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। इन सामाजिक चहकती-पक्षियों को बचाने एवं लोगों और देशों मे जागरूकता बढ़ाने के लिए मनुष्य को कड़े कदम उठाने होगे। गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। किन्तु फसलों में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव एवं शहरों का बेतरतीब विकास घटते पेड, घटती हरियाली, और कांक्रीट के बढ़ते जंगलो की वजह से गौरैया चिडिया लुप्त होती जा रही है।

# पंडवानी गायिका तीजन बाई से कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने की सौजन्य भेंट



खैरागढ़ (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्मश्री, पद्म भूषण एवं पद्म विभूषण तीजन बाई से इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने सौजन्य भेंट की। उनके निवास स्थान ग्राम गनियारी पहुंचकर कुलपति ने हालचाल जाना। परिजनों ने बताया कि बीते दो सालों से वे अस्वस्थ चल रही हैं और घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं।

कुलपति प्रो (डॉ)लवली शर्मा ने तीजन बाई के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। तीजन बाई ने कुलपति को सस्नेह उनके सिर पर हाथ रखकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान प्रसिद्ध पंथी कलाकार पद्मश्री डॉ.राधेश्याम बारले भी मौजूद रहे। तीजन बाई एक अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त पंडवानी गायिका हैं, जो अपनी कला के दम पर पद्मश्री, पद्म भूषण व पद्म विभूषण से भी सम्मानित हो चुकी हैं। ऐसी महान हस्ती से मिलकर कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा ने लोक संस्कृति एवं लोक कलाओं को और अधिक ऊंचाई तक ले जाने का आशीर्वाद लिया।

# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में रजत जयंती समारोह कार्यक्रम में में ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के अंग्रेजी विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता जी के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागअध्यक्ष डॉ.अनीता शंकर जी के मार्गदर्शन में ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रुप डिस्कशन के द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं भाषा कौशल का विकास होता है इस प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागी अपने निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करता है। वर्तमान समय में विभिन्न संस्थाओं द्वारा एडमिशन अथवा नौकरी के लिए के लिए ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से प्रतिभागी के कम्युनिकेशन स्किल, लिसनिंग स्किल, विषय पर ज्ञान एवं बॉडी लैंग्वेज के आधार पर उसका चयन किया जाता है। इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को भविष्य के चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं। विभागअध्यक्ष डॉअनीता शंकर ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास से वृद्धि करना है एवं उन्हें नए अवसरों के लिए तैयार करना है।

यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों से 30 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की जिसमें कुल 6 टीमें में बनाई गई। प्रतिभागियों में छत्तीसगढ़ से संबंधित राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, तकनीकी कौशल एवं नवाचार, छत्तीसगढ़ पर्यटन, छत्तीसगढ़ महिला स्वयं समूह, छत्तीसगढ़ी भाषा, छत्तीसगढ़ राज्य की चुनौतियां एवं संभावनाएं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित विषय दिए गए थे। प्रत्येक ग्रुप को अपने विचार प्रकट करने के लिए 5 मिनट का समय दिया गया था प्रतिभागियों ने बेहद उत्साहित होकर समूह चर्चा में अपने-अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.आराधना गोस्वामी, प्रो वंदना मिश्रा, डॉ.प्रज्ञा मिश्रा, श्रीमती रोहिणी समरथ एवं डॉ.भारती सोनी जी ने अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपना फीडबैक दिया जिसमें उन्होंने बताया कि वह पहली बार ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और इसमें उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला तथा उन्होंने आयोजन समिति से निवेदन किया कि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में ग्रुप डिस्कशन को जरूर शामिल किया जाए। निर्णायक मंडल के द्वारा विजेता टीमों को 16 सितंबर को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

# छुईखदान में 21 सितंबर को पुस्तक ‘महंत बने महाराजा’ का विमोचन

छुईखदान (दावा)। बैरागी रियासत छुईखदान मुख्यालय में आगामी 21 सितंबर को नरेश कुमार स्वामी निंबार्क की पुस्तक ‘महंत बने महाराजा’ का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर नौ रत्नों का सम्मान और कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुस्तक के लेखक और कार्यक्रम के संयोजक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क सोनीपत (हरियाणा) ने बताया कि मंगल भवन बाजार लाइन छुईखदान में रात्रि 7 बजे से प्रारंभ होने वाले इस अनूठे साहित्यिक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत छुईखदान की अध्यक्ष रानी नम्रता देवी होंगी।

**नौ रत्नों का सम्मान के साथ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी**

कार्यक्रम की अध्यक्षता छुईखदान रियासत के राजा और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर वैष्णव करेंगे। विशिष्ट अतिथि बैरागी समाज छुईखदान के अध्यक्ष राजकुमार देवराज किशोर वैष्णव, लखन लाल वैष्णव (रायपुर), मधु किशोरी वैष्णव (पंडरिया) और अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव (छुईखदान) होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करने से होगी। तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत के उपरांत नरेश कुमार स्वामी निंबार्क द्वारा लिखित पुस्तक ‘महंत बने महाराजा’ का विमोचन किया जाएगा। विमोचन के उपरांत नौ रत्नों का सम्मान किया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के सह संयोजक जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त सम्माननीय अतिथियों और कवियों को हिंदी साहित्य समिति छुईखदान और जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान द्वारा प्रकाशित नगर के कवियों और लेखकों की साहित्यिक कृतियां, छुईखदान बुनकर सहकारी समिति द्वारा निर्मित अंगवस्त्रम और नगर की पहचान पान का बीड़ा भेंट कर सम्मानित क्या जाएगा। सम्मान समारोह के उपरांत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। कवि सम्मेलन के आमंत्रित कवियों में राष्ट्रीय कवि प्रमोद रामावत (नीमच), विजय राठौर (जांजगीर चांपा), राज्य पुरस्कार से अलंकृत शायर अब्दुस्सलाम कौसर (राजनांदगांव), महेश शर्मा (रायपुर), नई कविता के सशक्त हस्ताक्षर मुन्ना बाबू (राजनांदगांव) और वीरेन्द्र बहादुर सिंह (छुईखदान) शामिल हैं। कवि सम्मेलन का संचालन प्रमोद रामावत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क और सह संयोजक जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान ने इस कार्यक्रम में सुधिजनों से शामिल होने की अपील की है।

# अपर कलेक्टर ने सूर्यरथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**0 गांव-गांव पहुंचेगा सूर्यरथ, मुफ्त बिजली के साथ सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए लोगों को करेगा जागरूक**
**0 योजना अंतर्गत जिले से कुल 722 आवेदन प्राप्त, 721 उपभोक्ताओं को तकनीकी स्वीकृति प्रदान**

मोहला (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु आज कलेक्टरेट कार्यालय से सूर्यरथ को अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डी.आर. ध्रुव, डीईओ फत्तेराम कोसरिया, ए.के. रामटेक, कार्यपालन अभियंता छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड मोहला अनिल गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सनानंद तारम, मनोज नेताम सहित जन प्रतिनिधिगण एवं बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सूर्यरथ जिले के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर योजना की जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा। योजना के तहत ग्रामीणों को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने हेतु प्रक्रिया, पोर्टल एवं पीएम सूर्य घर मोबाइल एप के माध्यम से पंजीकरण, सब्सिडी और वित्तीय सहायता संबंधी जैसे विभिन्न जानकारी सूर्यरथ के माध्यम से दी जाएगी। विभागीय अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत 1 किलोवाट के सोलर प्लांट पर 45,000 रुपए, 2 किलोवाट पर 90,000 रुपए एवं 3 किलोवाट के प्लांट पर 1.08 लाख रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उपभोक्ता केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट कर शेष राशि को 6-7 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए फाइनेंस करा सकते हैं। 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाने से प्रतिमाह लगभग 300 से 350 यूनिट तक सौर बिजली का उत्पादन होगा। जिसका उपयोग उपभोक्ता स्वयं कर सकता है। अतिरिक्त बिजली विद्युत विभाग द्वारा खरीदी जाएगी। जिससे उपभोक्ता के बिजली बिल में समायोजन होगा और उनका बिल शून्य या अत्यंत कम हो जाएगा। इस योजना से उपभोक्ताओं को मुफ्त, स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा प्राप्त होगी और वे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उल्लेखनीय हैं कि जिले में अब तक प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत कुल 722 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 721 उपभोक्ताओं को तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। अब तक 15 घरों में सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं एवं 15 उपभोक्ताओं को सब्सिडी भी जारी कर दी गई है। जिला प्रशासन एवं विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने एवं उपभोक्ता से सौर ऊर्जा उत्पादक बनकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होने की अपील की है।

# जीएसटी सुधार : आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम - किरण साहू

**राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किया गया 2025 का जीएसटी सुधार आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला आम नागरिकों की जिंदगी को आसान बनाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत करेगा।**



श्रीमती साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर दिए गए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 2025 में जीएसटी सुधार का जो वादा किया था, उसे पूरा करते हुए केंद्र सरकार ने दरों में कटौती और सुधार कर एक सराहनीय कदम उठाया है। इसका लाभ आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी होने पर जोर दिया। श्रीमती साहू ने भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और समावेशी बनाने के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने प्रेस नोट में नए जीएसटी नियमों के मुख्य बदलावों का भी उल्लेख किया। जो व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए फायदेमंद होंगे। जीएसटी पंजीकरण सीमा में बदलाव से छोटे व्यापारियों के लिए जीएसटी पंजीकरण की सीमा बढ़ाई गई है। डिजिटल टैक्स रिटर्न और भुगतान से टैक्स रिटर्न और भुगतान की प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया है, जिससे यह तेज और सरल हो जाएगी। स्मार्ट ऑडिट और पेनल्टी सिस्टम से जीएसटी की ऑडिट प्रक्रिया को और अधिक स्मार्ट बनाया जाएगा और जुर्माने की दरों में मामूली बदलाव किया जाएगा। जीएसटी स्लैब में बदलाव से अब केवल दो जीएसटी स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। पहले चार स्लैब (5, 12, 18, 28 प्रतिशत) थे। उत्पादों पर जीएसटी दरें जिसमें साबुन, शैम्पू, घी, मक्खन, नूडल्स और बर्तनों जैसी कुछ वस्तुओं पर जीएसटी की दर कम करके 5 प्रतिशत कर दी गई है। कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरें जिसमें ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी दरें जिसमें हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 0 प्रतिशत कर दी गई है। उन्होंने अंत में कहा कि ये बदलाव व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ पहुंचाएंगे और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे।

# रजत जयंती : महिला सशक्तिकरण, पारंपरिक खेलों और जनकल्याणकारी योजनाओं का होगा प्रदर्शन

**मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत महोत्सव का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी में भी महिलाओं पर केंद्रित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

**राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव का जिले में हो रहा आयोजन**

15 सितंबर को ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम जिले के सभी 185 ग्राम पंचायतों में आयोजित होगा। जिसमें रस्साकशी, फुगड़ी, खो-खो, कुर्सी दौड़, बाल्टी बॉल एवं कबड्डी जैसी पारंपरिक खेल गतिविधियाँ शामिल होगी। इसके पश्चात 18 सितंबर को विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत मुख्यालय मोहला-मानपुर, अं.चौकी एवं नगर पंचायत अं.चौकी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें उक्त खेलों के साथ-साथ बैंक गतिविधियां, बिहान एवं महतारी वंदन योजना जैसे विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। रजत महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 24 सितंबर को मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा।

महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित करना एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है।

# वन प्रबंधन कार्य को जानने एक्सपोजर विजिट किया गया है

बांधाबाजार (दावा)। वन अधिकार अधिनियम के संवैधानिक प्रावधान के अनुकूल वन संसाधन प्रबंधन कार्य योजना के अनुसार किए गए कार्य को जानने समझने हेतु सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा 4 एवं 5 सितंबर को दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम तहसील नगरी जिला धमतरी में खोज एवं जन जागृति समिति के कार्य क्षेत्र के ग्राम टांगापानी और ग्राम कुदुरपानी ग्राम पंचायत भैसामुड़ा में 70 सदस्य जिसमें वन अधिकार समिति और सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति और ग्राम सभा सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विजिट किया है।

इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व परियोजना के कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले और धनंजय ठाकरे ने किया है। ज्ञात हो कि इन दोनों गांव में वन संसाधन प्रबंधन योजना का शासन प्रशासन द्वारा अनुदान राशि से अनेक सामुदायिक वन प्रबंधन कार्य कार्य किया गया है। खोज संस्था के अथक प्रयास से इससे लोगों को मनरेगा के तहत अनेक कार्य हुए हो लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ है और उनकी आय स्रोत में वृद्धि है। इन गांवों के ग्राम सभा सदस्यों ने बताया कि अपने परंपरागत वन अधिकार क्षेत्र के जंगल के संरक्षण संवर्धन और उचित प्रबंधन हेतु अनेक श्रमदान के कार्य भी कर रहे हैं। इन्होंने बताया कि हमारा वन सुरक्षा कार्य सर्वोपरि है। ग्राम सभा और वन प्रबंधन कार्य योजना के अनेक रजिस्टर संधारण की प्रक्रिया की भी जानकारी लिया गया है।

ग्राम सभा कुदूरपानी के सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सचिव शत्रुघ्न कुमार यादव ने अपने गांव में संचालित ग्राम सभा और सीएफआरएमसी द्वारा किए गए कार्य की जानकारी दिया गया है। इसी तरह ग्राम टांगापानी के सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने भी वन सुरक्षा और वन को आग से बचाने के विभिन्न तौर तरीके से अवगत किया गया है। संस्था ने आवासीय व्यवस्था प्रगति लॉज नगरी में किया गया था। बैठक हाल में जनपद पंचायत नगरी के मनरेगा कार्यक्रम समन्वयक आशीष सर द्वारा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन कार्य योजना के प्रस्ताव को डेवलप करने का तरीका बताया गया तथा आगामी दो अक्टूबर की ग्राम सभा में वन कार्य योजना को जोड़ने तथा प्रस्ताव पास करवाने का तरीका भी बताया गया है। खोज एवं जन जागृति समिति के बेनीपुरी गोस्वामी और कार्यकर्ता श्रीमती नंदिनी साहू ने पूरे कालखंड में दोनों गांव का विजिट करवाया गया है और उचित मार्गदर्शन करवाया गया है। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के 15 ग्रामसभा भूरभूसी, पड़की, खैरी, माधोपुर, गल्लेटोला, बमनी, नाडेकल, मकोड़ी, कोड़ेवड़ा, ततोडा, मूदयाल, मरदेल, मडियान डीह, सुवरबोड, चिरचारी आदि गांवों में विजिट टीम की ओर से कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने खोज संस्था की ओर से उपस्थित जन समुदाय का आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा किया है।

# तिलई मंडल में सेवा पखवाड़ा की बैठक सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में भाजपा तिलई मंडल की ‘सेवा पखवाड़ा’ कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा।



इस बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। जिसकी जानकारी जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने विस्तार से दी। इन आयोजनों में स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम और सांसद खेल महोत्सव शामिल हैं। इसके अलावा 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती प्रत्येक बूथ पर मनाई जाएगी और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के साथ वोकल फॉर लोकल और जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, कार्यक्रम के जिला सह-संयोजक जैन कुमार मेश्राम और पूर्व जिला पंचायत राजेश श्यामकर सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को इन कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत सफल बनाने का निर्देश दिया और अपने उद्बोधन से उन्हें उत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति शीला सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, मंडल के वरिष्ठ नेता रामकुमार वर्मा, जी.डी. वैष्णव, महेश यादव और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर के सौजन्य से सभी बूथ अध्यक्षों को पं. दीनदयाल उपाध्याय का फोटो फ्रेम भी वितरित किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीपी राधाकृष्णन....**

नियुक्त किया गया। वह 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और 1999 में वह फिर से इस सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। एक उत्साही खिलाड़ी राधाकृष्णन टेबल टेनिस में कॉलेज चैंपियन और लंबी दूरी के धावक रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 2004 में द्रमुक द्वारा राजग से संबंध समाप्त करने के बाद तमिलनाडु में भाजपा के लिए नया गठबंधन बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

**नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रमुख....**

पोस्ट अखबार ने नेपाल पुलिस के सह-प्रवक्ता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश थापा के हवाले से कहा कि मृतकों में एक भारतीय नागरिक, तीन पुलिसकर्मी और अन्य नेपाली नागरिक शामिल हैं। खबर में कहा गया कि कम से कम 36 शव महाराजगंज स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में हैं, जहां शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम शुरू हुआ। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को देश के विभिन्न हिस्सों से 17 शव बरामद किए गए। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान काठमांडू में संसद भवन पर धावा बोले जाने के दौरान पुलिस की गोलीबारी में कम से कम 19 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर छात्र थे। प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। सैकड़ों प्रदर्शनकारी सोमवार के प्रदर्शन के दौरान हुई मौतों के विरोध में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए उनके कार्यालय में घुस गए थे। नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध सोमवार रात हटा लिया गया। ओली के इस्तीफे के बाद भी हिंसा जारी रही और प्रदर्शनकारियों ने संसद, राष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास, सरकारी भवनों, राजनीतिक दलों के कार्यालयों तथा वरिष्ठ नेताओं के घरों में आग लगा दी। इस बीच, शुक्रवार दोपहर बागमती नदी के तट के पास पशुपतिनाथ मंदिर के आर्यघाट पर कई शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनों के दौरान लगभग 1,700 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से लगभग 1,000 लोग ठीक होकर घर लौट चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि नेपाल पुलिस बल धीरे-धीरे काठमांडू घाटी में अपना अभियान पुनः शुरू कर रहा है, तथा जिन थानों और चौकियों में तोड़फोड़ की गई थी या आग लगा दी गई थी, वहां धीरे-धीरे पुनः काम शुरू हो रहा है।

**उम्मीद है कि उन्हें सद्बुद्धि आएगी....**

गोवा की प्रति व्यक्ति आय बिहार की तुलना में 10 गुना अधिक है। रंगराजन ने कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा 18,000 डालर की प्रति व्यक्ति आय तक पहुंचने के लिए (भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए) आवश्यक नामिनल ग्रोथ रेट चौंकाने वाली है- तमिलनाडु - 8.71 प्रतिशत, गुजरात - 9.63 प्रतिशत, कर्नाटक - 8.77 प्रतिशत, महाराष्ट्र - 9.53 प्रतिशत, बिहार - 17.4 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश - 14.5 प्रतिशत। रंगराजन ने कहा कि विकसित भारत का विजन सिर्फ आंकड़ेबाजी का लक्ष्य नहीं है, यह एक परिवर्तनकारी यात्रा होनी चाहिए जिसके लिए सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

**पीएम मोदी ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम....**

कि गणित से लेकर कंप्यूटर साइंस तक, आधुनिक ज्ञान की नींव भारत की खोजों जैसे शून्य के आविष्कार पर टिकी है। उन्होंने इसे भारत की सभ्यता की अमूल्य धरोहर बताया, जिसे पूरी दुनिया में गर्व के साथ दिखाया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि प्राचीन समय में लोग ज्ञान को सबसे बड़ा दान मानकर पांडुलिपियाँ दान करते थे। आज जरूरत है कि इस परंपरा को तकनीक की मदद से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के तहत भारत ने थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों के विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर काम किया है, जहां पाली, लाना और चाम भाषाओं की पांडुलिपियों को पढ़ने के लिए शोधकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने चिंता जताई कि कुछ पारंपरिक ज्ञान को विदेशों में कॉपी कर पेटेंट कराया गया है, जिससे बौद्धिक चोरी हो रही है। उन्होंने कहा कि पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण न सिर्फ इसका समाधान देगा बल्कि दुनिया को प्रामाणिक स्रोत भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ये डिजिटल पांडुलिपियाँ वैश्विक सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योग (जिसका मूल्य 2.5 ट्रिलियन है) को भी नई दिशा दे सकती हैं। ये डेटा-संचालित नवाचार और एआई तकनीकों के जरिए युवाओं के लिए रिसर्च और स्टार्टअप के नए अवसर बना सकती हैं। ज्ञान भारतम एक डिजिटल गेटवे के रूप में काम करेगा, जो भारत के प्राचीन ज्ञान को दुनिया के सामने लाने में मदद करेगा। इसके तहत पूरे देश में फैली एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को चिन्हित कर उन्हें डिजिटाइज, संरक्षित और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। ये पांडुलिपियां विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में रखी गई हैं। ज्ञान भारतम पोर्टल के तहत बनाए गए आठ विशेष कार्य समूहों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अपने-अपने क्षेत्रों में हो रहे कार्यों की प्रस्तुति दी। ये समूह पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटलीकरण तकनीक, मेटाडेटा मानकों के निर्धारण, कानूनी ढांचे के विकास, सांस्कृतिक कूटनीति, और प्राचीन लिपियों को पढ़ने व समझने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर काम करेंगे। इन कार्य समूहों का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान धरोहर को संरक्षित कर डिजिटल रूप में भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाना है। गौरतलब है कि भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी प्राचीन पांडुलिपियों की धरोहर मानी जाती है। देश में करीब एक करोड़ पांडुलिपियां हैं, जिनमें आयुर्वेद, गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन, संगीत, योग जैसे विषयों में गहरा ज्ञान समाया हुआ है। ऐसे में ज्ञान भारतम की पोर्टल की शुरुआत का उद्देश्य भारत की पांडुलिपियों में छिपा परंपरागत ज्ञान वैश्विक मंच पर पहुंचे और भारत फिर से वैश्विक ज्ञान परंपरा का मार्गदर्शक बने।

**बिहार चुनाव 2025: कांग्रेस के एआई....**

और बहनों का मजाक उड़ाते हैं। पिछले महीने, बिहार के दरभंगा में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के दौरान कथित तौर पर पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ अपमानजनक नारे लगाए गए थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कुछ लोग मंच से अपशब्द कहते दिखे। इस घटना की भी बीजेपी ने कड़ी निंदा की थी। इसके अलावा, इस महीने की शुरुआत में पीएम मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर उनकी मां के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए निशाना साधा था। उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरी मां का नहीं, बल्कि देश की हर महिला का अपमान है। यह विवाद बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से कुछ महीने पहले सामने आया है। चुनाव आयोग ने अभी तक चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन इस घटना ने राजनीतिक माहौल को और गर्मा दिया है। इस मामले को लेकर विवादित पोस्ट पर मध्यप्रदेश के नेताओं का भी बयान सामने आया है। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस स्तरहीन और शर्मनाक राजनीति करती है। इससे ज्यादा आपत्तिजनक कुछ नहीं। कांग्रेस हर समय पीएम मोदी का अपमान करती है। स्व. मां की एआई वीडियो बनाकर अनरगल बातें करना शर्मनाक है। कांग्रेस के पेट में दर्द क्योंकि मोदी गरीब परिवार से और जनता ने उन्हें पीएम चुना। मां के ऊपर वीडियो बनाना यह संपूर्ण महिला जाति और जनता का अपमान है। राहुल गांधी और कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए। बिहार और देश की जनता कांग्रेस को जरूर जवाब देगी।

**सबसे बड़ी रक्षा डील की तैयारी में भारत.....**

एयर-टू-एयर मिसाइलों को अपनी स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली से मात दी। इसके अलावा, नए विमानों में स्कैल्प से ज्यादा रेंज वाली एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलें लगाई जाएंगी, जो पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी ठिकानों और सैन्य ठिकानों पर हमलों के दौरान कारगर साबित होंगी। ‘मेक इन इंडिया’ राफेल विमानों में 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशीकरण शामिल होगा। फ्रांस की डसॉ कंपनी हैदराबाद में राफेल इंजनों (रू88) के लिए मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। भारतीय कंपनियां जैसे टाटा भी इस उत्पादन प्रक्रिया में भाग लेंगी। भारत के सामने चीन और पाकिस्तान से लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए यह सौदा अहम माना जा रहा है। वायुसेना की भविष्य की लड़ाकू विमान संरचना मुख्य रूप से सुखोई-30 एमकेआई, राफेल और स्वदेशी प्रोजेक्ट्स पर आधारित होगी। भारत पहले ही 180 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमान ऑर्डर कर चुका है और 2035 के बाद बड़ी संख्या में पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी विमानों को भी शामिल करने की योजना बना रहा है। अगर यह सौदा सिरे चढ़ता है तो यह भारतीय रक्षा उद्योग के लिए ऐतिहासिक अवसर साबित होगा। इससे न सिर्फ तकनीक का हस्तांतरण होगा, बल्कि भारतीय कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती भी मिलेगी। साथ ही, भारत में एयरोस्पेस सेक्टर में रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।

**बिलासपुर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला:**

सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का हवाला दिया कि, शिक्षा सेवा कार्य है, इसे बिजनेस की तरह नहीं देखा जा सकता। वहीं राज्य सरकार और ईएसआईसी कॉर्पोरेशन ने दलील दी कि स्कूलों में भी बड़ी संख्या में कर्मचारी काम करते हैं, जिन्हें बीमारी, मातृत्व और दुर्घटनाओं की स्थिति में सामाजिक सुरक्षा मिलना चाहिए। यही इस कानून का उद्देश्य है। हाईकोर्ट ने सरकार की दलील को सही मानते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थान भी ÷एस्टेब्लिशमेंट÷ की परिभाषा में आते हैं। इसलिए ईएसआईसी एक्ट लागू होगा और कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। इस फैसले का असर प्रदेश के करीब आठ हजार निजी और सहायता प्राप्त स्कूलों पर पड़ेगा। इनमें 5 हजार 680 निजी, 738 सहायता प्राप्त, 413 आंशिक सहायता प्राप्त और 180 अन्य स्कूल शामिल हैं। इन संस्थानों में काम करने वाले लगभग 96 हजार 500 कर्मचारियों को ईएसआईसी का लाभ मिलेगा। इसमें 50 हजार से अधिक गैर- शैक्षणिक कर्मचारी भी हैं। सरकार का कहना है कि, ईएसआईसी पॉलिसी कर्मचारियों के लिए सुरक्षा कवच है। बीमारी, मातृत्व और दुर्घटनाओं की स्थिति में यह बड़ा सहारा बनेगी और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

**बेंगलुरु में आयोजित सीपीए सम्मेलन....**

कहा कि तकनीकी और जटिल विषयों जैसे साइबर सुरक्षा, ऊर्जा संकट, पर्यावरण और स्वास्थ्य पर गहन विमर्श की कमी है। ‘यदि विशेषज्ञों की भागीदारी और शोध-आधारित दृष्टिकोण को अपनाया जाए, तो लोकतंत्र और सशक्त होगा।’ डॉ. सिंह ने विशेष रूप से विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अध्यक्ष लोकतंत्र के प्रहरी होते हैं। ‘अध्यक्ष की निष्पक्षता, अनुशासन बनाए रखने की क्षमता और सभी दलों को समान अवसर देने का दृष्टिकोण ही सदन को सार्थक संवाद का मंच बनाता है। समितियों को सक्रिय करना और तकनीकी विषयों पर चर्चा को प्रोत्साहित करना भी अध्यक्ष की जिम्मेदारी है। अंत में उन्होंने कहा कि जनता अपने प्रतिनिधियों को इसी विश्वास के साथ चुनती है कि वे उनकी आकांक्षाओं को सदन में रखें। इसलिए संवाद ही वह सेतु है, जो मतदाता और नीति-निर्माता के बीच संबंध बनाए रखता है और लोकतंत्र की विश्वसनीयता को सुदृढ़ करता है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के सभापति, अध्यक्ष, पीठासीन अधिकारी एवं सचिवगणों ने भाग लिया।

# जिला दिव्यांग संघ के पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध दूसरी बार हेमनदास साहू बने अध्यक्ष




राजनांदगांव (दावा)। जिला दिव्यांग संघ राजनांदगांव के तत्वावधान में 2 सितंबर मंगलवार सामुदायिक भवन नाका पारा नंदई चौक राजनांदगांव में बैठक रखा गया। नियमानुसार पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का चयन करना होता है। जिससे संघ की निरन्तरता, गतिशीलता, एकता बना रहे।

पर्यवेक्षक के रूप में दिलीप कुमार (प्रदेश संयोजक छग दिव्यांग सेवा संघ) एवं दुर्ग संभाग के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन सागर, भूषण टाण्डे उपाध्यक्ष, मनहरण साहू कोषाध्यक्ष, दीनदयाल भारती उपकोषाध्यक्ष, रूपेश वर्मा सचिव दुर्ग संभाग छ.ग. दिव्यांग सेवा संघ एवं जिला दिव्यांग संघ के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

चयन प्रक्रिया में सर्वसम्मति से सभी पदों पर निर्विरोध नियुक्त किया गया। हेमनदास साहू अध्यक्ष, दुर्गा प्रसाद यादव उपाध्यक्ष, बसंत साहू संरक्षक, सुखीत सिन्हा सचिव, दीपक कौशिक कोषाध्यक्ष, भीखू पटेल उपकोषाध्यक्ष दाऊराम साहू संयोजक, देवेन्द्र कुमार मीडिया प्रभारी, महिला प्रकोष्ठ से वंदना सोनकर संयोजक, दुरपति पटेल सहसंयोजक, शशी बंजारे अध्यक्ष, लक्ष्मी वर्मा उपाध्यक्ष, पूजा चुनेकर संगठक सचिव, कार्यकारिणी सदस्य गौतम यादव, राकेश गुप्ता, पदुम चंद्रवंशी, हरिचंद पटेल, कमलकिशोर, पुनीत बंजारे, राजकुमार, दिलीप साहू, गोविन्द जोशी, सोमन सोरी, रेखूराम नायक, कोमल साहू, पंचराम साहू इत्यादि को चयन किया गया। जिससे पूरे दिव्यांगजनों में खुशी की लहर उमड़ा है।

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मनीष जैन और कॉलेज के संचालक संजय अग्रवाल ने माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया। अपने संबोधन में कॉलेज के संचालक संजय अग्रवाल ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की नींव बताते हुए कहा कि वे न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि यह कार्यक्रम हर साल बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों को साझा करते हुए बताया कि एक सच्चा शिक्षक वह होता है जो छात्रों को खुद जैसा बनने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ज्ञान का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि जीवन को एक सही अर्थ देना है। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रीति इंदौकर ने शिक्षकों को समाज की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमें सोचने और सपने देखने की शक्ति देते हैं और उनका मार्गदर्शन हमें अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाता है। इस अवसर पर, छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में गीत, नृत्य, भाषण और नाटक जैसी कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं।

# खैरागढ़ महाविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव में एलुमनी मीटिंग संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छग शासन के निर्देशानुसार रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में 'पूर्व विद्यार्थियों का एलुमनी मीटिंग' कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस एलुमनी मीटिंग में विभिन्न विभागों के भूतपूर्व छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जे.के. साखरे ने पूर्व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन एवं स्वागत करते हुए लगातार संघर्ष कर लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। विज्ञान संकाय प्रभारी सुश्री भबीता मंडावी ने महाविद्यालय परिवार की ओर समस्त विद्यार्थियों को बताया कि महाविद्यालय का दरवाजा आप सबके लिए हमेशा खुला रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक सुरेश कुमार आडवाणी ने गुरु की महिमा पर बल देते हुए सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में हमेशा गुरुओं का मान एवं सम्मान की बात कही। साथ ही कार्यक्रम का प्रभावी संचालन भी किया।

डॉ. उमेंद कुमार चंदेल ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक यशपाल जंघेल, सतीश कुमार माहला, सृष्टि वर्मा, भबीता मंडावी, मनीषा नायक, मोनिका जत्ती अतिथि व्याख्याता मेधाविनी तूरे, दुर्वासा सिन्हा, अजय वर्मा, परमेश्वरी टांडिया, अंजलि सिंह के साथ महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति उत्साह बढ़ाने वाला रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों का विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

डोंगरगढ़ (दावा)। नवीन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत योगासन में तरुण वर्ग से मेघराज वर्मा प्रथम एवं किशोर वर्ग से पराग वर्मा, योगेंद्र साहू प्रथम, बहन वर्ग से रुनझुन पांडे, श्रद्धा चौरसिया द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार प्रांतीय शतरंज प्रतियोगिता बिलासपुर तिलक नगर में बाल वर्ग मयंक सहारे, गुरु दत्त सहारे, तुषार टेंभुरकर और निशांत जैन द्वितीय, तरुण वर्ग में द्रोणी सिंहा, लता साहू, मनस्वी यादव द्वितीय एवं क्षेत्रीय प्रतियोगिता में निशांत जैन द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रीडा प्रमुख सौरव फूले एवं संरक्षक के रूप में प्रदीप सिन्हा उपस्थित रहे। विभाग स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता गंडई में संपन्न हुई। कबड्डी के प्रशिक्षक एवं सहायक क्रीडा विभाग डिगेश साहू एवं संरक्षक के रूप में पल्लवी भिवगढ़े उपस्थित रहे।



विभागीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में निबंध में प्रथम राहुल सिन्हा, शिवम सिन्हा चित्रकला, राशि सिन्हा गीत, इशिका पटेल गीत, अलिशा जनबुंधु चित्रकला इन सभी का प्रांतीय प्रतियोगिता (कोरबा) के लिए चयन हुआ है।

एकल अभिनय में द्वितीय स्थान खोमिका यादव, तबला वादन में द्वितीय स्थान तुषार साहू, एकल अभिनय तरुण वर्ग में द्वितीय स्थान ओम चंद्राकर रहे है। इस दौरान प्रशिक्षक संगीत प्रमुख सुरेश वैष्णव, शिशु भारती प्रमुख बोधन भारद्वाज एवं संरक्षक के रूप में श्रीमती त्रिवेणी मंडल उपस्थित रहे।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी भैया-बहनों को समस्त विद्यालय परिवार सहित प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद द्वारा बधाई देकर इनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# मोंगरा जलाशय के 96 केज 10 वर्ष के लीज पर होंगे आबंटित

## 23 सितंबर तक कर सकते है आवेदन

मोहला (दावा)। मछली पालन विभाग छग द्वारा जिला मोहला-मानपुर, अं.चौकी के मोंगरा सिंचाई जलाशय में स्थापित 96 केजों को मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय हेतु 10 वर्षीय लीज (पट्टा) पर दिया जाएगा। प्रत्येक केज का जलक्षेत्र 100 क्यूबिक मीटर निर्धारित है तथा न्यूनतम लीज दर 100 रुपए प्रति क्यूबिक मीटर अनुमानित 10 हजार प्रति केज तय की गई है। लीज राशि में प्रत्येक 2 वर्ष में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

आवेदन पत्र का मूल्य 2 हजार निर्धारित है, जो सहायक संचालक मछली पालन विभाग जिला मोहला-मानपुर, अं.चौकी के नाम पर बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंक चेक के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

इच्छुक आवेदक 23 सितंबर को दोपहर 1 बजे तक बंद लिफाफे में आवेदन कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों को उसी दिन दोपहर 3 बजे सक्षम समिति के समक्ष खोला जाएगा। कुल अनुमानित अपसेट राशि 9,60,000 रुपए निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तें विभागीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

# युगांतर में हिंदी सप्ताह का शानदार आयोजन



**सत्यम, शिवम, सुंदरम, मधुरम गृह के विद्यार्थियों ने दी प्रभावी प्रस्तुतियाँ**

राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। इसके तहत कक्षा 6 वीं से 8 वीं तथा कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अन्तर्गृह काव्य पाठ तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में सत्यम, शिवम, सुन्दरम और मधुरम गृह के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रत्येक गृह से तीन-तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 6 वीं से 8 वीं तक के वर्ग में प्रथम जिया रामटेके (शिवम गृह), आराध्या (सुंदरम गृह), द्वितीय नवीन (शिवम गृह), तनु (सत्यम गृह), तृतीय आराध्या जैन (शिवम गृह), प्रोत्साहन पुरस्कार ऋतिक नायर (सुंदरम गृह) तथा कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के वर्ग में प्रथम आर्या राहटगाँवकर (सुंदरम गृह), द्वितीय सायली कोठारी (सुंदरम गृह), तृतीय रीत शुक्ला (मधुरम गृह) रहे। इसी तरह अन्तर्गृह वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के वर्ग के पक्ष में प्रथम भक्ति नाहटा (सुंदरम गृह), द्वितीय ईशलीन कौर बग्गा ( शिवम गृह), उमा भारती पैकरा (सत्यम गृह), तृतीय ऋषा जैन (मधुरम गृह) तथा विपक्ष में प्रथम दुरुवि कोठारी (शिवम गृह), द्वितीय सौहार्द्र (सत्यम गृह), तृतीय विहान भुरे ( सुंदरम), तारिशी सिंह राजपूत (मधुरम गृह) रहे। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के वर्ग के पक्ष में प्रथम हिमानी जोगी ( मधुरम गृह), द्वितीय वर्षा सोनी (सुंदरम गृह), धनंजय सोनवानी (शिवम गृह), तृतीय घनिष्ठा जैन ( सत्यम गृह) तथा विपक्ष में प्रथम जिज्ञासा सिंह , प्रथम गोयल (मधुरम गृह), द्वितीय अंकित शर्मा (सत्यम गृह), तृतीय अभय सोनी ( शिवम गृह) रहे। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि हिंदी सप्ताह मनाते हुए युगांतर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। हमें इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से किसी भाषा का मर्म समझ में आता है और हमें यह अनुभव होता है कि हम भाषाई शिक्षा के किस पायदान में खड़े हैं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अच्छी तरह से मेहनत की है। आगे उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर भाषाई शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। यह प्रतियोगिता हिंदी विभागाध्यक्ष वी.एन राय के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित हुई। कक्षा 6 वीं से कक्षा 8वीं की काव्य-पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मेघा जस्सल, परमजीत ठाकुर तथा वाद विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक श्वेता मूंदड़ा, मधु ठाकुर रहें। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के वर्ग की काव्य पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक रिंकू राय, बलवंत निषाद तथा वाद विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक रिंकू राय, मदनमोहन कालबाँधे रहे। प्रतियोगिता के संचालन में अविका खंडेलवाल, जानवी डागा, अन्वेषा जैन, दुरुवि कोठारी तथा आमंत्रण पत्र के निर्माण में चित्राक्षी नेताम, सुनिधि मिंज ने अमूल्य योगदान दिया। विद्यालय की प्रबंध समिति ने आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है।

# दुर्ग संभागीय बैठक में खैरागढ़ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय बैठक पृथ्वी पैलेस दुर्ग में रखी गई थी। जिसमें जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा खैरागढ़ छुईखदान गंडई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री पवन साय, राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, विधायक डोमन लाल कोरसेवाडा, भिलाई विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर के द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन दिया गया।



उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आयश सिंह (बोनी), शहर अध्यक्ष अनिश सिंह (दादू) प्रेमसागर गुप्ता, मिनेश जंघेल, ऋषभ सिंह, पीयूष पटेल, राकेश वर्मा, अर्जुन क्षत्रिय, ललित चोपड़ा, शैलेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र त्रिपाठी, सौरभ जंघेल, विक्की कुर्रे, राजू जंघेल, शशांक साहू, विक्रांत चंद्राकर, जय प्रकाश साहू, जय प्रकाश मसखरे, डॉ. संजय वर्मा, जागेश्वर जंघेल, नितेश उपाध्याय, एवन विश्वकर्मा, शिवांश बहादुर, प्रशांत कांडरा, मनीष ढीमर, वेदांश बघेल (कुश), लाल पवन सिंह, प्रमोद भगत, पेमेंद्र चंदेल, बालकृष्ण जंघेल, भूपेंद्र जंघेल, प्रकाश जंघेल, वीरेंद्र जंघेल, अमन जंघेल, हर्ष वर्मा, भुवन वर्मा, अजेन दशरिया, गजेंद्र पटेल, रेखचंद जंघेल, भूपेंद्र मिश्रा, विश्राम वर्मा, भूपेंद्र शर्मा, लिकेश साहू, भानुप्रताप साहू, भुनेश्वर सेन, शत्रुहान साहू, मुकेश साहू, योगेंद्र पाल, ओमप्रकाश साहू, डिकेश्वर यादव, निर्मल यादव सहित बड़ी संख्या में जिले के भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती : कमलादेवी राठी महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर मंगलवार को शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में शैक्षणिक जागरूकता, प्रतिस्पर्धी भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाना था। प्रतियोगिता दो चरणों में हुई। पहले चरण में, 9 सितंबर को एक प्री-क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संकायों से छह टीमों का चयन फाइनल के लिए किया गया। इन टीमों में बीएससी की दो और बीए, बी.कॉम, एमएससी और एमए की एक-एक टीम शामिल थी। फाइनल मुकाबला 10 सितंबर को हुआ। जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्नों के अलावा दर्शकों के लिए भी सवाल रखे गए। जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और जोश का माहौल बना रहा। 200 से अधिक छात्राएं दर्शक के रूप में मौजूद थी।

### प्रतियोगिता के परिणाम

प्रथम स्थान बीएससी समूह-1 की टीम जिसमें यामिनी, अंजली निषाद, पुनम यादव और पूर्णेश्वरी शामिल थी। द्वितीय स्थान एमए समूह की टीम जिसमें दिव्या, यामिनी, दुर्गा और तुलसी शामिल थी। तृतीय स्थान बीएससी समूह-2 की टीम जिसमें जयंतीकार मिमांसा, खुशबू और भानेश्वरी शामिल थीं।

यह आयोजन प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया, जिसकी संयोजक डॉ. निवेदिता ए. लाल थी। क्विज का संचालन चंदन साहू और डॉ. मोना माखीजा ने किया। जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी योगेंद्र यादव और बीना जंघेल ने संभाली। तकनीकी सहयोग धनेश और उमेश पनरिया ने दिया। कार्यक्रम के अंत में, विजेता छात्राओं को महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

खैरागढ़ (दावा)। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत स्व-उद्यम स्थापित करने के इच्छुक सभी वर्गों के आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग के महाप्रबंधक ने बताया कि आवेदक 222.ड्ढ1द्बष्थ्ठ्ठ-द्यद्बठ्ठद्र.द्दश1.द्ध्ठ के पीएमईजीपी ई-पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

योजना के तहत विनिर्माण उद्यमों के लिए अधिकतम 50 लाख रुपये तथा व्यवसाय एवं सेवा उद्यमों के लिए अधिकतम 20 लाख रुपये तक की परियोजना लागत पर बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन के साथ आवेदक को फोटो, शैक्षणिक योग्यता की मार्कशीट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, जाति प्रमाण पत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जनसंख्या प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। उन्होंने इच्छुक युवाओं एवं उद्यमियों से अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है, ताकि वे अपना स्वयं का व्यवसाय और उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें।

योजना संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु आवेदक कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, भू-तल, गीता कॉम्प्लेक्स, कवर्धा रोड, पुष्पक सेल (हीरो शोरूम) के पास, खैरागढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

# टाटेकसा विद्यालय में शिक्षक दिवस पर वृक्षारोपण और सम्मान समारोह



कल्लूबंजारी (दावा)। अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के वनांचल गांव टाटेकसा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने अपने गुरुजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगांव के प्रसिद्ध साहित्यकार, रंगकर्मी और शिक्षाविद डॉ. गजेंद्र हरिहारनो दीप तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में छुरिया के जाने-माने कवि, लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुरेटी दिलेर उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना और प्रतिमा पूजन के साथ हुई। छात्रों ने मनमोहक स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद, विद्यार्थियों ने अपने सभी शिक्षकों को श्रीफल और कलम भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. हरिहारनो का स्वागत प्राचार्य उत्तम कुमार वर्मा और वरिष्ठ व्याख्याता गणपत नेताम ने शाल और श्रीफल से किया। इस दौरान डॉ. हरिहारनो के एक पूर्व छात्र उद्धव ठाकुर ने भी अपने गुरु का स्वागत कर गुरु-शिष्य के प्रगाढ़ प्रेम का उदाहरण पेश किया।

पूर्व प्रभारी प्राचार्य गणपत नेताम ने गुरु और शिष्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक का कर्तव्य छात्रों को संस्कारवान और ज्ञानवान बनाना है। उन्होंने आज की शिक्षा पद्धति को अर्थ-परक बताया और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

विशिष्ट अतिथि दिनेश कुरेटी दिलेर ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में आरुणि की गुरु भक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी बहुत जरूरी हैं। उन्होंने माता-पिता के त्याग और बच्चों के व्यवहार में आए बदलाव पर चिंता व्यक्त करते हुए एक स्वरचित गीत भी प्रस्तुत किया। जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार वर्मा ने कबीरदास के दोहे का जिक्र करते हुए गुरु को भगवान से भी बढ़कर बताया। मुख्य अतिथि डॉ. गजेंद्र हरिहारनो दीप ने बेटी पर अपनी कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरीं और बच्चों को सरल बनने, शिष्टाचार और अनुशासन का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत अतिथियों और शिक्षकों द्वारा आम के पौधे का वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता उद्धव ठाकुर और छात्र-छात्राओं ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विजन इंडिया सर्विसेज प्रा.लि. द्वारा 15 को कैम्पस प्लेसमेंट

## शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के पुरुष प्रशिक्षणार्थी ले सकते है हिस्सा

मोहला (दावा)। विजन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड हेतु कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन 15 सितंबर को प्रातः10 बजे से किया जाएगा। प्लेसमेंट शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन पुरुष प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयोजित किया गया है। जिन्होंने वर्ष 2018 से 2025 के बीच फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीआई (ऑटोमोबाइल) ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल, वायरमैन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे व्यवसायों से आई.टी.आई उत्तीर्ण किया है। आवेदकों की आयु 18 से 26 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों जैसे 10वीं की अंकसूची, आईटीआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा 5 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना होगा।

# फसल चक्र परिवर्तन करना किसानों के लिए होगी वरदान-संजय सिन्हा



**पानी ही नहीं, विद्युत ऊर्जा की भी होगी बचत**

छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत आमगांव (छु.) मे कृषि विभाग द्वारा आयोजित फसल चक्र परिवर्तन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा व कृषि सभापति उत्तरा निषाद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि रबी फसल में धान के स्थान पर मक्का, अलसी, चना, गेंहू, मटर, मसूर, उड़द, सूर्यमुखी लगाने की सलाह देते हुए उन्होंने बताया कि धान के फसल में गर्मी के दिनों में एक किलो धान की उपज पैदा करने मे तीन हजार से चार हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है,जबकि हम लोग प्राय- बहुत अधिक एकड़ में धान लेते है इसीलिए पानी की बर्बादी भी उतनी अधिक होती है। इसीलिए फसल चक्र परिवर्तन कर पानी बचाने के साथ अपने अन्य उपज से अधिक रकम बचाया जा सकता है, वर्षा जल संचयन करना भी आवश्यक है, भूमिगत जलस्तर काफी नीचे जा रहा, ऐसा करने से बचा जा सकता है। परंपरा गत कृषि पर जोर देने के साथ ही रसायनिक खाद के उपयोग काम करने की बात कही है। कृषि के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम को उत्तरा निषाद सभापति, एकांत चंद्राकर जनपद सदस्य ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती भान बाई मंडावी, रेखा गंधर्व, ऊभे राम मंडावी,पदम भूषण साहू, नैन सिंह पटेल,अशोक सेन, नरेश शुक्ला, हीराराम नेताम, गोविंद साहू, कृषि विस्तार अधिकारी सहड़े, सुदेश पटेल, आरईओ साहू, कोठरी मैडम सहित किसान गण मौजूद रहे।

# त्रिवेणी परिसर से शिल्पी डॉ. रमन सिंह इसके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति कृतसंकल्पित है- मधुसूदन यादव



o डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र के कारण राजनांदगॉव को साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान मिली- मधुसूदन यादव
o त्रिवेणी परिसर में डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र को दी गई पुष्पांजलि

राजनांदगांव (दावा)। कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव एवं नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्रा की 127वीं जयंती त्रिवेणी परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर राजनांदगॉव ने साहित्य मनीषी डॉक्टर मिश्र जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण किया गया। आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव, दिग्विजय कॉलेज के प्रोफेसर एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकरमुनि राय, कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष एवं डॉ.मिश्र के पौत्र प्रदीप मिश्रा (सेवानिवृत्ति डीएसपी) सहित गणमान्य नागरिकगण के रूप में साहित्यकार प.पु. बक्शी जी के नाती अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद राजा माखीजा, वरिष्ठ पार्षद संतोष पिल्ले, अखिलेश तिवारी अध्यक्ष नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद, डी.सी.जैन अध्यक्ष शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति राजनांदगॉव, कान्यकुब्ज सभा राजनांदगॉव के संरक्षक प्रोफेसर आर.पी.दीक्षित, सचिव अजय शुक्ला, कोषाध्यक्ष कृष्णकांत तिवारी, वी.डी. तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला, सुशील तिवारी, विवेक शुक्ला, जगदीश प्रसाद मिश्रा, संजीव (संजू) मिश्रा, राकेश मिश्रा, भूपेंद्र बाजपेई, मनीष मिश्रा, शिवम शुक्ला, धीरज द्विवेदी, अखिलेश मिश्रा, दुर्गेश त्रिवेदी, प्रकाश वाधवानी एवं अन्य वार्डवासीगण सहित कॉलेज के छात्र-छात्राऍ उपस्थित रहे।

कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने महापौर मधुसूदन यादव से जनहित में प्रतिमाओं के ऊपर यथाशीघ्र छत निर्माण एवं परिसर के सौंदर्यीकरण सहित त्रिवेणी परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा एवं असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने की मांग की। महापौर ने यथाशीघ्र निराकरण हेतु आश्वस्त करते हुए कहा कि त्रिवेणी परिसर के शिल्पी प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रहे है और यह परिकल्पना उनके पूर्व कार्यकाल में साकार हुई थी, इसलिये इसके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति हम कृतसंकल्पित हैं। इससे पहले महापौर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि पूज्य डॉक्टर मिश्र का साहित्य जगत में बड़ा योगदान रहा है, उनके कारण राजनांदगॉव को साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान मिली और राजनांदगॉव के रूप में जाना जाता है। प्रोफेसर शंकरमुनि राय ने अपने उद्गार में कहा कि डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र राम काव्य परम्परा के सबसे बड़े रचनाकार रहे हैं, ऐसे देवतुल्य साहित्यकारों को नमन हैं।

# खेत में बिजली तार टूटा : करेंट से अधेड़ की मौत, स्टेट हाईवे पर एक घंटे चक्काजाम



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगांव से लगे ग्राम आरी के एक अधेड़ की मृत्यु करंट की चपेट में आने से हो गई। इसके बाद विद्युत विभाग के प्रति गुस्सा जाहिर करते हुए तथा उचित मुआवजा को लेकर गुरुवार रात्रि में स्टेट हाईवे जाम कर दिया। मौके पर पुलिस व विद्युत विभाग की टीम और तहसीलदार के पहुंचने के बाद मामले को शांत कराया गया और उचित मुआवजा की सहमति में बाद जाम खोल दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आरी निवासी जसवंत पटेल पिता स्व. धनुष पटेल 45 गुरुवार 11 सितंबर को रोज की तरह अपने मालिक के खेत में दवाई छिडकाव के लिए गया था। दोपहर को जब जसवंत भोजन के लिए घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इधर खेत से होकर जाने वाले विद्युत विभाग का हाई वॉल्टेज केबल टूटकर खेत में पड़ा था। इसी दौरान मृतक इस टूटे केबल की चपेट में आ गया और वहीं कुछ ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी और पुलिस की उपस्थिति में विद्युत विभाग के वाहन में शव को आरी लाया गया। जहां ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजे की मांग करने मुख्य सडक़ पर चक्का जाम कर दिया।

बता दें कि मृतक जसवंत अपने परिवार का कमाने वाला एक ही सदस्य था। परिवार का रोजी मजदूरी कर पालन पोषण होता है। वहीं विद्युत विभाग से बात बनती नहीं दिखी। तब ग्रामीणों ने देर रात साढ़े 9 बजे रुदगांव मोड़ के समीप राजनांदगांव-डोंगरगांव स्टेट हाइवे को जाम कर दिया। यह जाम करीब एक घंटे चला। मौके पर तहसीलदार पी.एल. नाग ने ग्रामीणों से बात की और समझाईश दी। वहीं विद्युत विभाग को नियमानुसार मुआवजा देने कहा गया। मृतक जसवंत के परिवार को विद्युत विभाग द्वारा 4 लाख तथा खेत मालिक के द्वारा 1 लाख रुपये देने की सहमति बनी और साढ़े 10 बजे जाम खोल दिया गया।

# सर्पदंश से बालक की मृत्यु

राजनांदगांव (दावा)। डीडी न्यूज संवाददाता परमानंद रजक के तीन वर्षीय नाती सागर की 11 सितंबर को सर्पदंश से दुखद मौत हो गई। घुमका क्षेत्र के गांव कोडिया में स्थित घर पर कल दोपहर घर पर खेल रहे सागर को जहरीले सर्प ने डंसा, जिसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र के जाया गया, जहां एंटी स्नेक वेनम लगाया गया। तत्पश्चात उसे दुर्ग के सरकारी अस्पताल दाखिल कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान मासूम सागर ने दम तोड़ दिया।



# दुर्गा पूजा के दिशा-निर्देश हेतु परशुराम दल ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर (दावा)। दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्ति स्थापना एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर परशुराम दल छत्तीसगढ़ ने आज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर परशुराम दल के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार झा, रायपुर अध्यक्ष अंजनी मिश्रा, उपाध्यक्ष बिश्वजीत पांडेय तथा सदस्य विनोद कुमार उपस्थित रहे। यह ज्ञापन रायपुर के पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा को सौंपा गया। परशुराम दल ने प्रशासन से आग्रह किया कि दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति स्थापना, शोभा यात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों में उचित दिशा-निर्देश, सुरक्षा और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

# सांसद संतोष पाडे ने बजरंगपुर-नवागांव प्रकरण में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी







राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे ने आज नगर निगम के बजरंगपुर-नवागांव प्रकरण में पीड़ित परिवारों से बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने ने कहा कि राजनांदगांव की शांति और सौहार्द्र के लिए प्रदेश में एक अलग पहचान है और इसे संस्कारधानी भी कहते है। विगत दिनों बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में घटित हिंसा एवं हत्याकांड एक दुखद घटना है। नशे की गिरफ्त में आकर बिना किसी कारण के चाकूबाजी की घटना हुई और एक परिवार को बचाते हुए राजेश ढीमर की मृत्यु हो गई। चाकूबाजी की अन्य दूसरी घटना में सचिन दास मानिकपुरी एवं किशन राजपूत की हत्या की गई। पुलिस की शुरूआती कार्रवाई में पहली रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तोड़-फोड़ की घटना की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाती तो यह घटना इस प्रकार का स्वरूप नहीं लेती। इस घटना के लिए थाना प्रभारी का दोष दिखाई देता है और उस पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। इस घटना में शामिल होने वाले अन्य लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, पारस वर्मा, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, सुमित भाटिया, किशुन यदु, चंद्रभान जांघेल, विनोद भारती, राहुल चौबे व अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# सूखा नाला बैराज के मुख्य नहर में गड़बड़ी, जनपद सदस्य सरिता साहू ने की शिकायत

एसडीओ को पत्र लिखकर की कार्रवाई की मांग



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती सरिता मदन साहू ने सूखा नाला बैराज उपसंभाग डोंगरगांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नहर निर्माण कार्यों में अनियमितताएं मिलने पर उन्होंने बैराज के एसडीओ को पत्र लिखकर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में श्रीमती साहू ने उल्लेख किया है कि सूखा नाला बैराज के मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 16890 मी. एवं 16890 मी. से 24120 मी. तक रिमॉडलिंग एवं सीसी लाइनिंग का कार्य विभाग द्वारा कराया गया है। इसमें व्ही.आर.बी., इनलेट, ओपन ट्रप, स्क्रैप, पुलिया और कोलापा का निर्माण कार्य शामिल है। लेकिन इन कार्यों में गुणवत्ता की कमी पाई गई है, जिसके कारण जगह-जगह पानी का रिसाव हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से स्थल निरीक्षण व भौतिक सत्यापन कराकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। निरीक्षण के दौरान सूखा नाला बैराज की मुख्य नहर लाइनिंग कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मदन साहू, ग्राम पंचायत कोपेडीह के सरपंच वीर सिंह चंद्रवंशी, उप सरपंच टेलन सिंह वर्मा, पंच जीवन वर्मा, किसान कांग्रेस मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम साहू, गौतम वर्मा सहित विभाग के एसडीओ गंजभिये और सब-इंजीनियर टाइम पेपर गौतम भी मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने संयुक्त रूप से करोड़ों की लागत से हुए कार्यों का निरीक्षण किया और पाई गई त्रुटियों को सुधारने के निर्देश दिए। सबसे बड़ी समस्या नेशनल हाईवे से डोंगरगांव पहुंच मार्ग मचानपार के पास नाली क्रॉसिंग से लगातार हो रहे पानी के रिसाव की पाई गई। इसके तत्काल निराकरण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग और बैराज के अधिकारियों को मिलकर मरम्मत करने की बात कही गई। बताया गया कि सूखा नाला बैराज के मुख्य नहर की लाइनिंग का यह कार्य क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और किसानों की मांग पर विधायक दलेश्वर साहू के विशेष प्रयासों से स्वीकृत हुआ है। करोड़ों की लागत वाले इस कार्य को दो भागों में ठेकेदारों द्वारा पूरा किया जा रहा है। अधिकांश कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इस साल ग्राम कोपेडीह और आलीखुटा जो बैराज के अंतिम छोर पर स्थित हैं को समय पर पर्याप्त पानी मिल पाया। जिससे किसानों में उत्साह है। जल्द ही इन दोनों गांवों की शाखा नाला का भी सीमेंटीकरण होगा। जिससे और अधिक किसानों को लाभ मिलने की संभावना है।

# पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। समाजसेवी संस्था उदयाचल ने गुरूवार को पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का सम्मान किया। डाकलिया राजनीतिक के अलावा अन्य क्षेत्रों में योगदान देने आगे रहते हैं। खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गातिविधियों में उनकी भूमिका सर्वविदित है। डाकलिया अलग-अलग समाजसेवी संस्थाओं के प्रति भी जवाबदेही रहते हैं। लिहाजा उनके सामाजिक उत्तरदायित्व को दृष्टिगत रखते हुए उदयाचल संस्थान ने आज उनका सम्मान किया। पूर्व महापौर डाकलिया धार्मिक आयोजन से लेकर शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी परस्पर सहयोग की भावना रखते हैं। ऐसे में उनकी भूमिका हर क्षेत्र में नजर आती है। डाकलिया का आज पधश्री डॉ. पुखराज बाफना, अशोक मोदी उदयाचल के अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना, धनराज सोनी एवं संस्था के अन्य लोग उपस्थित थे। उदयाचल संस्थान के पदाधिकारियों ने सम्मान किया।

# कल जिला टेबल टेनिस एसो. द्वारा टेबल टेनिस टूर्नामेंट

राजनांदगांव (दावा)। जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा जिले के खिलाड़ियों को खेलों के प्रति जागरूक करने एवं नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कल 14 सितम्बर 2025, रविवार सुबह 8 बजे से बाबा फतेह सिंह हॉल, राजनांदगांव में आयोजित होगी।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को मात्र रूपये 100 का प्रवेश शुल्क देना होगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह टूर्नामेंट जिले के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए खुला रहेगा। विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

टेबल टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना तथा जिले की प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए प्रोत्साहन देना है। आयोजन समिति के अध्यक्ष भारत अग्रवाल, सचिव संजय लालवानी, कोषाध्यक्ष रणदीप सिंह भाटिया ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 98935-60850 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रेम प्रसंग के चलते दोस्त ने ही की दोस्त की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार




जोरातराई रेल्वे ट्रेक के समीप मिली लाश की गुत्थी पुलिस ने 5 दिनों में सुलझाई

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र के गत दिनों ग्राम जोरातराई में रेल्वे ट्रेक समीप झाड़ियों में मिली लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त घटना अंधे कत्ल की थी जिसे 5 दिनों के भीतर सुलझा लिया गया और प्रेम संबंध के चलते की गई हत्या के आरोपी को धर दबोच लिया गया है।

थाना सोमनी पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही में सुलझाई गई गुत्थी के संबंध में बताया गया कि गत दिनों जोरातराई रेलवे ट्रैक किनारे जो शव मिला था वह गौरीनगर निवासी अजय सिन्हा का था। जिसे आरोपी अनिल डौंडे पिता घनाराम 32 वर्ष निवासी गौरीनगर ने अपनी प्रेमिका से उसके संबंध होने पर उसकी हत्या की साजिश रची थी। आरोपी अनिल ने अपने साथी तुलेश साहू पिता रामदास 32 वर्ष निवासी लछना मुढ़ीपार के साथ मिलकर अजय को शराब पिलाकर चाकू व पत्थर से हत्या की थी और उसके कपड़े जलाकर व सबूत नष्ट कर फरार हो गए थे। थाना प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपी को धर दबोचा गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 103 तहत गिरफ्तार कर जल भेज दिया गया है।

### रेल्वे ट्रेक के समीप मिला था शव

सोमनी थाना प्रभारी श्रीवास्तव ने बताया कि गत दिनों 7 सितंबर को उनके थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई रेल्वे ट्रैक किनारे अज्ञात शव मिलने की सूचना पर थाने मे मर्ग कायम कर जांच की गई। जाँच में मृतक की पहचान अजय सिन्हा पिता राधेलाल सिन्हा निवासी गौरीनगर अचानक नगर पुलिस चौकी चिखली, राजनांदगांव के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर थाना सोमनी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 206/25 धारा 103 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### हत्या के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

बताया गया कि तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना पर आरोपी अनिल डौण्डे एवं तुलेश साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो दोनो आरोपी पुलिस को गुमराह करने लगे। कडाई से पुछताछ करने पर संदेही आरोपी अनिल डोण्डे बताया कि अपनी प्रेमिका को अपनी पत्नी बताकर गौरी नगर मे किराये का मकान दिलवाया और उसे आर्थिक मदद करता था, उसके घर मेरा आना जाना था। माह मार्च-अप्रैल 2025 मे मैं अपनी पत्नी बच्चों के साथ अपनी बहन के मकान निर्माण के लिए उसके गांव चला गया तो अपने खास दोस्त अजय सिन्हा निवासी गौरी नगर को अपनी प्रेमिका एवं उनके बच्चों का देखरेख सामान लाने जे जाने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए कहा था तब अजय सिन्हा मेरी प्रेमिका के घर आने जाने लगा इस दौरान दोनो के मध्य प्रेम संबंध हो गया।

### प्रेम संबंध की जानकारी होने पर रची हत्या की साज़िश

प्रेम संबंध की जानकारी होने पर मैने दोनों को बातचीत करने व प्रेम संबंध रखने से मना करते हुए कई बार समझाया, किन्तु दोनों नहीं माने तब आरोपी ने अजय सिन्हा को रास्ते से हटाने का मन बनाया और अपने काम के लिए रखे ग्राइन्डर से एक लोहे का चाकू को धार किया और अवसर का तलाश कर रहा था। मेरे दोस्त भूपेन्द्र साहू उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम मुढ़ीपार (गातापार) का छोटा भाई तुलेश साहू एक बार मर्डर के केश में जेल गया था, जिसकी जानकारी मुझे था, जिससे मदद लेने के लिए 6 सितंबर को शाम करीबन 6 बजे घर मे अपनी पत्नी को काम में जाना बताकर अपना मो.सा. क्र. सीजी-04/एलवी 4927 में चाकू रखकर मुढ़ीपार गया जहां तुलेश साहू को अपना प्लान बताकर उसे साथ लेकर वापस 7 सितंबर को सुबह करीबन 4 बजे राजनांदगांव में हम दोनों झांकी देखे वापस अपनी गाड़ी के पास आये तो वहीं पर अजय सिन्हा आते दिखा, जिससे बातचीत कर घूमने चलते है बोला तो अजय सिन्हा तैयार हो गया फिर हम तीनों मो.सा. से राजनांदगांव से निकलकर जोरातराई रोड़ किनारे रेल्वे ट्रेक के पास शराब पीये। शराब पीने के दौरान अजय सिन्हा को अपनी प्रेमिका से दूर रहने के लिए बोला तो हम दोनों के बीच वाद विवाद झुमा झपटी होने लगा तब मैं तुलेश को चाकू लेकर आने के लिए बोला तो तुलेश गाड़ी से चाकू निकालकर लाया और अजय के गले में टिकाया तो अजय ने तुलेश के हाथ से चाकू छिन लिया। चाकू को मैं छिनकर मारने वाला था तभी अजय मुझे जमीन में गिरा दिया और मेरे पेट में दांत से काट दिया, तो तुलेश वहीं पर पड़े पत्थर से अजय के सिर मे मारा तो अजय गिर गया तब मैं उसके गले मे 3-4 बार चाकू से मारा उसके बाद मैं भी अजय के मस्तक में पत्थर से मारा। अजय के शांत होने पर चाकू को झाड़ी फेंककर मो.सा. से हम दोनों मनगटा जंगल होते हुए भाग गये। पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से ज्युडिशियल रिमाण्ड में उन्हें जेल भेज दिया गया है।

शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
सभी प्रकार के सब-मर्सिबल पंप के विक्रेता...



किराये से उपलब्ध है
दुकान, मकान, गोदाम, फ्लैट किराए पर उपलब्ध है
पता -1. गोल बाजार मस्जिद के सामने वीआईपी गली हमाल पारा, राजनांदगांव
2. चांदनी सुहाग भंडार के सामने (नवयुवक गणेश मंडल गली में) हमाल पारा राजनांदगांव। संपर्क करें -
चांदनी सुहाग भंडार
गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव
मो. 9302435886, मो. 9827951560

आवश्यकता है
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।



संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com